RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्षः 11 अंकः 62 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,रविवार, 30 अगस्त 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

▶ सतना-चित्रकूट में बाढ़ का सैलाब, भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित

## गोरगी बांध टूटा, चित्रकूट में रामघाट का पुल बहा, सतना में रेलवे ट्रैक डूबे

### रौद्र रूप में मंदाकिनी नदी 20 फीट ऊपर बह रही, पुलिस थानों, पेट्रोल पंपों, दुकानों और घरों के भीतर तक पानी घुसा, सड़कों पर नावें चलीं, कई सड़क मार्ग बंद, यातायात प्रभावित

● सतना



सीमावर्ती इलाकों में लगातार हो रही भारी बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। नदियां और नाले उफान पर हैं और कई इलाकों का संपर्क मुख्य मार्गों से टूट गया है। चित्रकूट में स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर है। मंदाकिनी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के बाद रामघाट समेत आसपास के इलाकों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। वहीं गोरगी बांध के टूट गए है। मंदाकिनी नदी के जलस्तर में अचानक तेज बढ़ोतरी से रामघाट क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बन गए।

नदी करीब 20 फीट उफान पर होने की बात सामने आ रही है। पानी तेजी से निचले इलाकों में पहुंचा, जिससे रामघाट का करीब 300 मीटर लंबा पुल बह गया। पुल के क्षतिग्रस्त होने से आवागमन प्रभावित हुआ है। बाढ़ का पानी भरत घाट क्षेत्र में पहुंच गया। यहां एक दो मंजिला मकान पानी में डूब गया। मकान में मौजूद परिवार बाहर निकलने की कोशिश में फंस गया, जिसे बाद में रेस्क्यू किया गया। सतना जिले में भी लगातार बारिश का असर दिखाई दे रहा है। कई निचले इलाकों में पानी भर गया है।

### बाढ़ पीड़ितों को कपड़े-खाना और शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जाए

**सीएम ने की बाढ़ की स्थिति की समीक्षा**



**मध्यप्रदेश** के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 अगस्त की रात रीवा पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सतना और रीवा में बारिश के दौरान जल भराव एवं बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सतना कलेक्टर को निर्देश दिए कि सभी बाढ़ प्रभावित लोगों और चित्रकूट में रुके हुए श्रद्धालु-रहवासियों के भोजन वस्त्र और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सर्वे कराकर आरबीसी 6/4 के तहत राहत राशि भी प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बारिश से कोई जनहानि एवं पशु हानि ना हो। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन जिलों में बारिश का कम असर है वहां से बचाव के उपकरण बाढ़ प्रभावित जिलों में उपयोग में लाए जाएं। एनडीआरएफ की टीम मुस्तैदी से बचाव कार्य संपादित करें।

## 800 मीटर लंबा ग्लेशियर टूटने से आई तबाही, अब तक 682 की मौत

### नेपाल हादसे में 287 भारतीयों समेत 3000 लोग लापता, 400 भारतीय तिब्बत में फंसे, अस्थायी झील से नई बाढ़ का खतरा





**काठमांडू, आरएनएन।** नेपाल में आई भीषण बाढ़ की शुरुआत का एक खौफनाक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एक ग्लेशियर का बड़ा हिस्सा ढहता और टूटता हुआ दिखाई दे रहा है। तिब्बत इलाके में मौजूद पर्यटकों ने ग्लेशियर के ढहने और उसके बाद उठे एवलांच के शुरुआती पलों को अपने कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया।

इस विनाशकारी आपदा में अब तक 682 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 3 हजार से ज्यादा लोग लापता है। इनमें 287 भारतीय शामिल। 400 भारतीय अभी तिब्बत में फंसे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 26 साल के टूर गाइड जीहा यिटिए और उनके हाइकर्स का ग्रुप तिब्बत में एक ऑब्जर्वेशन डेक पर था, जहां से त्सांगबूरी की सुंदर चोटी और ग्लेशियर दिखाई दे रहे थे। सुबह करीब 10:50 बजे धुंध छंटते ही जैसे ही पर्यटकों ने कैमरे निकाले, तभी पहाड़ों में तेज धमाके जैसी गड़गड़ाहट गूंज उठी। जीहा ने बताया, ऐसा लगा जैसे पहाड़ों के अंदर कोई बड़ा विस्फोट हुआ हो।

### बाढ़ में बहकर आए लॉकर से चुरा ली 92 लाख की नकदी



**नेपाल** में विनाशकारी बाढ़ के बाद स्थिति विस्फोटक बनी हुई है। इस बीच, कुछ ऐसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं, जो इंसानियत पर सवाल खड़ा करती हैं। ऐसी ही एक घटना में बाढ़ में बहकर आए एक बैंक लॉकर को कुछ लोगों ने खोल दिया और उसमें रखी सारी नकदी निकाल ली। पुलिस ने इस मामले में 29 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 92 लाख 68 हजार 505 नेपाली रुपये बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि यह बैंक लॉकर त्रिशूली नदी के किनारे मिला था। वैसे, एक और मामले में नेपाल बाढ़ में ही एक शव के शरीर से सोने की ईयरिंग चुराने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## जो सोचता है भारत में मुसलमान नहीं हो, वह हिंदू नहीं हो सकता

### न्यूयॉर्क में एक दुनिया, एक मानवता कार्यक्रम में मोहन भागवत ने कहा, अंतिम सत्य मानवता ही है

● न्यूयॉर्क



अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक दुनिया, एक मानवता कार्यक्रम को मोहन भागवत को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं ऐसे समाज में काम कर रहा हूं, जो परंपरागत रूप से यह कहता है कि धर्म अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन मानवता एक है, सत्य एक है और मानवता उसी सत्य की उपज है। इसलिए मानवता एक है। सत्य एक है, लेकिन उसे अलग-अलग तरीकों से बताया और समझाया जाता है। क्योंकि हम मनुष्य अपने अनुभवों और अपनी सीमाओं के कैदी हैं। उन्होंने बताया कि हम इंसान हैं और कम से कम सात रंग देखते हैं। मैं एक वेटरिनरी डॉक्टर हूं, मुझे कुत्तों के बारे में पता है। कुत्ते सिर्फ काले और सफेद रंग देखते हैं। अब आप कुत्ते को दुनिया के बारे में कितना भी समझाएं, वह उसे हमारी तरह कभी नहीं समझ पाएगा। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि कुत्ते का अनुभव असत्य है।

### मुस्लिम भाइयों से संवाद का उदाहरण

2018 में दिल्ली में एक कार्यक्रम में मुस्लिम भाई भी मौजूद थे। उन्होंने मुझसे सवाल पूछा - आप एक हिंदू संगठन हैं, आप हिंदू राष्ट्र की बात करते हैं, तो हमारा क्या होगा? क्या आप हमें बाहर निकाल देंगे? मैंने कहा, नहीं। यह हिंदू विचार नहीं है। अगर कोई हिंदू यह मानता है कि कोई मुस्लिम नहीं होना चाहिए, तो वह हिंदू नहीं रह सकता। हिंदू होने का अर्थ है यह मानना कि सभी रास्ते उसी सत्य की ओर जाते हैं और हर इंसान की गरिमा है। मनुष्यों में कोई अंतर नहीं है। एक ज्ञानी व्यक्ति कुत्ते और विद्वान ब्राह्मण में भी समानता देखता है, क्योंकि ये सभी अंतर प्रकृति की विविधता का हिस्सा हैं।

## क्या तुम खुद को खुदा समझते हो

### कोर्ट की एफडीए को फटकार मच्छर को तलवार से मत मारो



**मुंबई, आरएनएन।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने अधिकारियों को अवमानना की कार्रवाई की चेतावनी भी दी। मामला मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) परिसर में मौजूद पांच रेस्टोरेंट के फूड लाइसेंस निलंबित करने से जुड़ा है।

अदालत ने कहा कि विभाग को बार-बार फटकार लगाते-लगाते अब वह थक चुका है। कोर्ट ने एफडीए के रवैये को व्यावहारिक के बजाय नियमों को लेकर जरूरत से ज्यादा कठोर बताया। दरअसल, एफडीए ने कथित स्वच्छता संबंधी खामियों और थर्ड पार्टी ऑपरेशन से जुड़े मुद्दों को लेकर एमसीए परिसर के पांच रेस्टोरेंट के लाइसेंस निलंबित कर दिए थे। इसके खिलाफ एमसीए ने बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया था। मामले की दोबारा जांच के लिए कोर्ट के निर्देश के बाद गुरुवार को इन रेस्टोरेंट का नया निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में रेस्टोरेंट 88 फीसदी तक फूड सेफ्टी नियमों के अनुरूप पाए गए। इसके बावजूद एफडीए ने लाइसेंस निलंबन वापस लेने से इनकार कर दिया।

## मुख्यमंत्री का ऐलान, बैगा विकास प्राधिकरण की जल्द होगी स्थापना

### बालाघाट में जनविश्वास कार्यक्रम में सीएम डॉ. यादव ने कहा, विकास और रोजगार के नये अवसरों का सृजन ही हमारा लक्ष्य

● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने बालाघाट जिले में नक्सलवादी गतिविधियों को जड़ से खत्म कर दिया है। आज हमारा प्रशासन और अधिकारी उन इलाकों तक पहुंचे हैं, जहां बीते कई सालों तक कभी कोई नहीं पहुंच पाया। बालाघाट जिला वह क्षेत्र रहा है, जहां नक्सलियों ने दिसंबर 1999 में तत्कालीन सरकार के मंत्री की निर्मम हत्या कर दी थी। राज्य के लिए 30 से 35 साल का वह दौर अत्यधिक कष्टकारी समय था।

अब हमारी सरकार नक्सलमुक्त हो चुके इन क्षेत्रों में विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बालाघाट के 100 अति पिछड़े गांवों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगभग 225 करोड रुपए की राशि हमने आज ही मंजूर कर दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बैगा समुदाय की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए बैगा विकास प्राधिकरण की स्थापना की जाएगी। इस प्राधिकरण से बैगा समुदाय के लिए सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना विकास के कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएंगे।

### चेरापूंजी को भी पीछे छोड़ देगा बालाघाट

**मुख्यमंत्री** डॉ. यादव ने कहा कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर विकसित करने के लिए पशुपालन एवं कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने तथा कान्हा नेशनल पार्क के समीप पर्यटन सुविधाओं के विकास की सभी संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए हमने यहां होम-स्टे की संख्या बढ़ाने जैसे निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक और नैसर्गिक सुंदरता में बालाघाट जिले के लांजी का यह पूरा क्षेत्र मेघालय के चेरापूंजी को भी पीछे छोड़ देगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस क्षेत्र में दुग्ध एवं पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए बड़ी संख्या में सहकारी समितियां निर्मित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पीएम जन-मन अभियान के अंतर्गत तीन विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों को विशेष रूप से लाभान्वित किया जा रहा है, इनमें मध्यप्रदेश की बैगा जनजाति भी शामिल है।

## शशिधर छोड़ेंगे HDFC बैंक के एमडी का पद



**नई दिल्ली, आरएनएन।** एचडीएफसी बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ शशिधर जगदीशन अपने पद से हटने वाले हैं और वह दोबारा नियुक्ति नहीं लेने का फैसला किया है। शशिधर जगदीशन 26 अक्टूबर, 2026 को अपने पद से हट जाएंगे। इस बात की जानकारी एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को स्टॉक एक्सचेंज को दी है। फाइलिंग में कहा गया है, शशिधर जगदीशन ने 29 अगस्त को बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के तौर पर दोबारा नियुक्ति न लेने का अपना फैसला लिया है। फाइलिंग में आगे कहा गया, उनके साथ बात चीत और समझाने के बाद भी जगदीशन ने दोबारा नियुक्ति न लेने वाले अपने फैसले को दोहराया।

**दोबारा नियुक्ति नहीं लेने का किया फैसला**

## सोनिया गांधी के वोटर लिस्ट केस में फैसला टला

**नई दिल्ली, आरएनएन।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के वोटर लिस्ट में नाम शामिल किए जाने को लेकर डाली गई याचिका पर दिल्ली की एक अदालत ने फैसला टाल दिया है। अदालत मामले पर अब फैसला 21 सितंबर को सुनाएगा। याचिका में कहा गया है कि सोनिया गांधी का नाम भारतीय नागरिक बनने से पहले ही मतदाता सूची में शामिल किया गया था। याचिका में मामले में केस दर्ज करने की मांग की गई है। अदालत ने कांग्रेस नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग वाली एक पुनर्विचार याचिका पर अपना फैसला 21 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दिया है।

**अब 21 सितंबर को फैसला सुनाएगा कोर्ट**

हेल्दी फूड | एफएसएसएआई ने पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर चेतावनी लेबल लगाने का प्रस्ताव सुप्रीम कोर्ट में दिया

## पैकेटबंद खाने में चीनी-नमक ज्यादा तो लगेगा लाल निशान

● नई दिल्ली



भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने चीनी, सैचुरेटेड फैट और नमक की उच्च मात्रा वाले पैकेटबंद खाद्य उत्पादों पर लाल रंग के छह-कोने वाले (हेक्सागोनल) चेतावनी लेबल लगाने का प्रस्ताव दिया है।

यह प्रस्ताव शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच के सामने छह पेज के अनुपालन हलफनामे के जरिए रखा गया। जिसे एक जनहित याचिका में दायर किया गया था। जिसमें फैट, चीनी और नमक की उच्च मात्रा वाले पैकेटबंद खाद्य पदार्थों के लिए अनिवार्य फ्रंट-ऑफ-पैक चेतावनी लेबल की मांग की गई थी। एफएसएसएआई ने कहा कि प्रस्तावित लेबल तस्वीरों वाले होंगे। इन्हें इस तरह से डिजाइन किया जाएगा कि ग्राहकों को उन प्रोडक्ट्स के बारे में साफ, साफ दिखने वाली और आसानी से समझ में आने वाली चेतावनी मिल सके,जिनमें कुछ खास पोषक तत्व (न्यूट्रिएंट्स) ज्यादा मात्रा में हों। इस प्रस्ताव के तहत, जिन प्रोडक्ट्स में बताए गए पोषक तत्वों में से कोई भी दो या उससे ज्यादा मात्रा में होंगे। (जैसे कि एडेड सैचुरेटेड फैट, एडेड शुगर और नमक) उन पर लाल रंग का हेक्सागोनल (छह कोनों वाला) चेतावनी लेबल लगाया जाएगा। ये सीमाएं आईसीएमआर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन द्वारा जारी भारतीयों के लिए डाइटरी गाइडलाइंस, 2024 पर आधारित होंगी।

### कितने चरणों में लागू होगा यह प्रस्ताव

**नियामक** ने खाद्य सुरक्षा नियमों (एफओपी) की चेतावनी प्रणाली को दो चरणों में लागू करने का प्रस्ताव दिया है। इसके साथ ही कहा है कि यह दृष्टिकोण खाद्य उद्योग को सुधार के लिए समय देगा। साथ ही यह सुनिश्चित करेगा कि ग्राहकों के सूचना के अधिकार से समझौता न हो।

**पहले चरण में:** दो या उससे ज्यादा तय पोषक तत्वों (न्यूट्रिएंट्स) की ज्यादा मात्रा वाले प्रोडक्ट्स और तय मीठे ड्रिंक्स पर चेतावनी वाले नियम लागू होंगे।

**दूसरे चरण में:** यह नियम उन प्रोडक्ट्स पर भी लागू होगा जिनमें तय पोषक तत्वों में से कोई भी एक ज्यादा मात्रा में हो।

### नेचुरली फैट, शुगर या नमक से भरपूर खाद्य पदार्थों के लिए छूट

**प्रस्तावित** नियम उन खाद्य उत्पादों पर लागू नहीं होंगे, जिनमें केवल एक ही सामग्री होती है या जो नेचुरली फैट, शुगर या नमक से भरपूर होते हैं। हलफनामे में खास तौर पर घी, खाने का तेल, नमक, चीनी, गुड़ और शहद जैसे उत्पादों का ज़क्रि किया गया है। हालांकि, इन उत्पादों पर लागू खाद्य सुरक्षा और लेबलिंग नियमों के तहत अन्य शर्तें लागू रहेंगी। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद एफएसएसएआई ने कार्रवाई की है। सुप्रीम कोर्ट ने रेगुलेटर से पूछा था कि वे पैकेज्ड फूड में चीनी, नमक और सैचुरेटेड फैट की मात्रा बताने वाले इंटरप्रिटेटिव एफओपी लेबल (सामने दिखने वाले लेबल जो जानकारी दें) क्यों नहीं लागू कर पाए। इसके दो हफ्ते बाद, एफएसएसएआई ने चेतावनी वाले लेबल न लगाने के अपने पुराने फैसले को वापस ले लिया है।

## एवरेस्ट व लालजी गोधू हींग की बिक्री पर रोक

### एवरेस्ट के चिकन और गरम मसाले में भी पाई गई गड़बड़ी

● नई दिल्ली / आरएनएन




भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने एवरेस्ट और लालजी गोधू ब्रांड के कम्पाउंडेड हींग की बिक्री पर रोक लगा दी है। जांच में दोनों कंपनियों के हींग के सैंपल तय खाद्य मानकों पर खरे नहीं उतरे। शिकायत के बाद शुरू हुई जांच में एवरेस्ट और लालजी गोधू के कम्पाउंडेड हींग में असली हींग की मात्रा निर्धारित सीमा से करीब 30 से 40 प्रतिशत तक कम पाई गई। मामला एक उपभोक्ता की शिकायत के बाद सामने आया। शिकायत में एक ब्रांड की हींग की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए थे। इसके बाद एफएसएसएआई ने बाजार में उपलब्ध प्रमुख हींग ब्रांड्स की जांच शुरू की।

# विधानसभा के बाद अब नगरपालिका की अग्निपरीक्षा, जहाजपुर में भाजपा-कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर...

## नामांकन के साथ चढ़ा चुनावी पारा, टिकट के दावेदारों की बढ़ी सक्रियता; वार्डों में शुरू हुआ सियासी गणित

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक जहाजपुर।** नगर पालिका चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही जहाजपुर की सियासत में हलचल तेज हो गई है। चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे दावेदारों ने वार्डों में जनसंपर्क बढ़ा दिया है। भाजपा और कांग्रेस दोनों खेमों में संभावित प्रत्याशियों के नामों को लेकर मंथन का दौर जारी है। हालांकि अभी दोनों प्रमुख दलों ने प्रत्याशियों की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन वार्डों में चुनावी चर्चाओं और राजनीतिक समीकरणों का दौर शुरू हो चुका है। जहाजपुर नगरपालिका चुनाव इस बार स्थानीय राजनीति के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विधानसभा चुनाव में हुए करीबी मुकाबले के बाद अब नगरपालिका चुनाव दोनों प्रमुख दलों के लिए अपनी जमीनी पकड़ और संगठनात्मक ताकत परखने का अहम अवसर बन गया है।



**भाजपा के सामने विधायक की साख, कांग्रेस के लिए वापसी का मौका**

जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के विधायक गोपीचंद मीणा हैं। ऐसे में नगरपालिका चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन को विधायक के नेतृत्व और स्थानीय संगठन की मजबूती से जोड़कर देखा जाएगा। भाजपा के सामने कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने, प्रत्येक वार्ड में मजबूत प्रत्याशी उतारने और स्थानीय समीकरणों को साधने की चुनौती रहेगी। वहीं कांग्रेस के लिए यह चुनाव स्थानीय राजनीति में अपनी पकड़ मजबूत करने और वापसी का अवसर माना जा रहा है। पूर्व विधायक धीरज गुर्जर के सामने कार्यकर्ताओं और संभावित दावेदारों को एकजुट कर मजबूत चुनावी रणनीति तैयार करने की चुनौती होगी।

**प्रत्याशियों की घोषणा से पहले ही दावेदारों में बढ़ी हलचल**

भाजपा और कांग्रेस की ओर से अभी प्रत्याशियों की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन संभावित दावेदारों की सक्रियता लगातार बढ़ रही है। कई वार्डों में दावेदार समर्थकों के साथ लोगों से संपर्क साधने और अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं। सामाजिक बैठकों से लेकर राजनीतिक चर्चाओं तक टिकट को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। किस वार्ड से किस चेहरे को मैदान में उतारा जाएगा, इसको लेकर स्थानीय स्तर पर अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं।

**वार्डों में शुरू हुआ जीत-हार का गणित**

नगरपालिका चुनाव में वार्ड स्तर के समीकरण सबसे महत्वपूर्ण होंगे। किस वार्ड में किस प्रत्याशी की व्यक्तिगत पकड़ मजबूत है, किसके सामाजिक समीकरण बेहतर हैं और कौन मतदाताओं के बीच स्वीकार्य चेहरा है– इन सवालों पर राजनीतिक गणित बैठाया जा रहा है। सड़क, नाली, सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, अतिक्रमण और शहर के विकास जैसे स्थानीय मुद्दे भी चुनाव में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नगरपालिका चुनाव में पार्टी के साथ प्रत्याशी की व्यक्तिगत छवि और वार्ड में उसकी पकड़ भी परिणाम को प्रभावित कर सकती है।

**विधानसभा के बाद दोनों दलों की अग्निपरीक्षा**

विधानसभा चुनाव में जहाजपुर का मुकाबला बेहद करीबी रहा था। ऐसे में नगरपालिका चुनाव को दोनों प्रमुख दलों के लिए एक और राजनीतिक अग्निपरीक्षा के तौर पर देखा जा रहा है। भाजपा जहां अपनी स्थानीय पकड़ मजबूत होने का संदेश देना चाहेगी, वहीं कांग्रेस के सामने अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन वापस हासिल करने की चुनौती होगी। हालांकि नगरपालिका चुनाव का स्वरूप विधानसभा चुनाव से अलग होता है। यहां स्थानीय मुद्दे, प्रत्याशी की व्यक्तिगत लोकप्रियता, वार्ड के सामाजिक समीकरण और मतदाताओं से सीधा संपर्क अधिक प्रभावी साबित हो सकता है।

**टिकटों की घोषणा के बाद साफ होगी असली तस्वीर**

फिलहाल भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रत्याशी चयन को लेकर मंथन में जुटे हैं। टिकट वितरण के बाद ही तस्वीर स्पष्ट होगी कि किस दल ने किन चेहरों पर भरोसा जताया है। इसके बाद नाराजगी, बगावत और निर्दलीय दावेदारी जैसे समीकरण भी चुनाव को दिलचस्प बना सकते हैं। नामांकन के साथ ही जहाजपुर में चुनावी सरगर्मी तेज हो चुकी है। अब सबकी नजरें प्रत्याशियों की घोषणा और उसके बाद बनने वाले वार्डवार समीकरणों पर टिकी हैं। फिलहाल इतना तय है कि जहाजपुर नगरपालिका की सत्ता के लिए सियासी बिसात बिछ चुकी है और आने वाले दिनों में यह मुकाबला और अधिक रोचक होने के आसार हैं।

# थान मठूई धाम में महाप्रसादी के साथ श्रावणी कर्म समारोह हुआ संपन्न

स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर** / निकटवर्ती सिद्ध पीठ संत बाली नाथ आश्रम थान मठूई धाम में रक्षाबन्धन की शाम को विशेष धर्मायोजन हुए। इसके साथ ही पूरे श्रावण माह में चलने वाले अनुष्ठान भी संपन्न हो गए। महंत निर्मल नाथ महाराज के सानिध्य में दिनभर विभिन्न कार्यक्रम चले, जिसमें शिव उपासना के साथ रुद्राभिषेक भी हुआ।



राजगढ़ निवासी व्यवसायी योगेन्द्र राठी एवं रेनू राठी दम्पति की ओर से रुद्राभिषेक करवाया गया जिसे दर्जन भर पंडितों ने सम्पादित करवाया। इस मौके पर दिन भर हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और राजस्थान के भक्तों का आवागमन जारी रहा। महन्त निर्मल नाथ महाराज ने भक्तों के साथ सामूहिक महा आरती करवाई तथा मठ के ब्रह्मलीन संत महंतों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राजगढ़ जोगी आश्रम के संत धर्मनाथ भी इस अवसर पर शामिल रहे। राजगढ़ की श्रीनाथजी भक्त मंडली के कार्यकर्ताओं ने पूरे श्रावण माह में चले धर्मायोजनों में भागीदारी निभाई और पूरे मठ तथा समाधियों को पुष्पों के साथ सजाया। आश्रम के शिवालय तथा अन्य आधा दर्जन मन्दिरों में फूलों का दरबार भी सजाया। समापन के साथ महाप्रसाद भंडारे में भी कार्यकर्ताओं ने आधी रात तक सेवाएं दी। इस मौके पर अपने आशीर्वचन में महंत निर्मल नाथ ने कहा कि अध्यात्म धर्म हमारी जीवंत आधार रेखा होती है। श्रावण माह या अन्य पर्वों पर विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं मगर अध्यात्म धर्म हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा होते हैं व हर व्यक्ति को इसे निभाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने भावी पीढ़ी में भी धर्म संस्कृति युक्त सुसंस्कार स्थापित करने पर बल दिया।

# टोंक में चेन स्नैचिंग का आरोपी गिरफ्तार-डेढ़ तोले की सोने की चेन बरामद-वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** जिला मुख्यालय की कोतवाली थाना पुलिस ने गुलजार बाग क्षेत्र में हुई चेन स्नैचिंग की वारदात का खुलासा करते हुएएक आरोपी के गिरफ्तार किया है



पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब डेढ़ तोले की सोने की चेन, जिसकी कीमत लगभग 2 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है, बरामद की है। वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस जानकारी के अनुसार 23 अगस्त 2026 को प्रार्थिया इंद्रा विजय (82) पत्नी स्वर्गीय गोविंद विजय, निवासी शशि मार्ग, गुलजार बाग, टोंक ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि वह अपने घर से बाजार जा रही थीं। इसी दौरान मुकेश जनरल स्टोर के सामने बाइक सवार अज्ञात व्यक्ति ने अचानक झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन तोड़ ली और फरार हो गया।

**सीसीटीवी और तकनीकी जांच से आरोपी तक पहुंची पुलिस**

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना (आईपीएस) के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक टोंक मृत्युंजय मिश्रा के सुपरविजन में कोतवाली थाना प्रभारी भंवरलाल वैष्णव (पुलिस निरीक्षक) के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने शहर में लगे विभिन्न सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही तकनीकी संसाधनों की मदद से आरोपी का रूट ट्रैक किया। इसके बाद पारंपरिक पुलिस अनुसंधान के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

**आरोपी के पुराने रिकॉर्ड की भी जांच**

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी आमिर (27) पुत्र शहजाद, निवासी बहीर, जामा मस्जिद के पीछे, दरगाह वाली गली, पर पूर्व में भी चेन स्नैचिंग सहित अन्य मामले में भी शामिल होने का आरोप है। पुलिस का कहना है कि आरोपी वर्ष 2018-19 में जयपुर में चेन स्नैचिंग के मामले में कुख्यात मुकेश, जावा और इमरान की टीम का सदस्य रहा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटी गई सोने की चेन बरामद कर ली है तथा वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। आरोपी से गहन पूछताछ जारी है। पुलिस उसके अन्य वारदातों से जुड़े होने की भी जांच कर रही है।

मांडलगढ़ नगर पालिका चुनाव: नामांकन प्रक्रिया ने पकड़ी रफ्तार, विभिन्न वार्डों से भाजपा व निर्दलीय प्रत्याशियों ने दाखिल किए पर्चे

# निर्वाचन कार्यालय में 27 और 29 अगस्त को दाखिल हुए नाम निर्देशन पत्र; भाजपा से लादूलाल खटीक, अनिता सुराणा, भारती व्यास, दशरथ सिंह, रितु चौहान सहित निर्दलीय प्रत्याशियों ने ठोकी दावेदारी

स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़** मांडलगढ़ नगर पालिका चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर पहुंच गई हैं। नाम निर्देशन पत्र (नामांकन) प्रस्तुत करने की प्रक्रिया के तहत 27 और 29 अगस्त को विभिन्न वार्डों से भाजपा एवं निर्दलीय प्रत्याशियों ने निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

**29 अगस्त को नामांकन में दिखा भारी उत्साह**

29 अगस्त को निर्वाचन कार्यालय में प्रत्याशियों और समर्थकों की खासी भीड़ देखी गई। इस दिन कुल 29 प्रत्याशियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए:

भाजपा (BJP) प्रत्याशी: वार्ड 25 से लादूलाल खटीक, वार्ड 12 से भारती व्यास, वार्ड 5 से दशरथ सिंह, वार्ड 4 से भैरूलाल माली, वार्ड 1 से रक्षिता, वार्ड 5 से अशोक उर्फ राजेंद्र जाट तथा वार्ड 19 से रितु चौहान सहित अन्य ने पर्चे दाखिल किए।




निर्दलीय एवं अन्य प्रत्याशी: वार्ड 12 से भंवरलाल स्वर्णकार व ओम प्रकाश कुमावत, वार्ड 5 से राजूलाल माली, वार्ड 8 से प्यारचंद रेगर, वार्ड 14 से सलमा बानो व जाहिदा बानू, वार्ड 3 से लता ओस्तवाल, वार्ड 13 से पूजा कुमारी भाट, आरती सोनी व चेतना देवी, वार्ड 20 से दुर्गाशकुमार व दिलीप कुमार, वार्ड 2 से जुली ओस्तवाल, वार्ड 15 से लोकेश धोबी, वार्ड 11 से जगदीश चंद्र बोहरा, वार्ड 7 से किशनलाल नायक, वार्ड 18 से ताहिरा अनम, वार्ड 10 से सुगना देवी माली और वार्ड 17 से शराफत हुसैन ने नामांकन पत्र भरा।

**27 अगस्त को 7 प्रत्याशियों ने दाखिल किए थे नामांकन**

इससे पूर्व 27 अगस्त को भी विभिन्न वार्डों से 7 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे थे। इनमें भाजपा की ओर से वार्ड 3 से अनिता सुराणा ने नामांकन दाखिल किया। वहीं निर्दलीय के रूप में वार्ड 4 से जमना लाल माली, वार्ड 6 से लाला राम मीणा, वार्ड 9 से प्रियंका सोमानी, वार्ड 16 से शीशराम चांवरिया और वार्ड 19 से अंकिता वर्मा ने अपने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए।

# राजकीय कॉलेज में खेल प्रतियोगिता आयोजित, दौड़ में खेम सिंह बना विजेता



स्मार्ट हलचल

**सूरौठ।** राजकीय महाविद्यालय सूरौठ में महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के फिट इंडिया अभियान के तहत इस वर्ष 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' और 'एक घंटा खेल के मैदान में' विषय के आधार पर विभिन्न खेल प्रतियोगिता व फिटनेस गतिविधि आयोजित की गईं। कॉलेज के नोडल अधिकारी डॉ. अनिल अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद के जीवन और उनकी अद्वितीय खेल उपलब्धियों पर डॉ. हरदयाल धाकड़ के प्रेरणादायक व्याख्यान से हुआ। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को हॉकी के जादूगर के जीवन से अनुशासन और समर्पण सीखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दौड़ प्रतियोगिता छात्रा वर्ग में अखलेश ने प्रथम, निशा सैनी ने द्वितीय तथा कोमल सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दौड़ प्रतियोगिता छात्र वर्ग में खेम सिंह पहले, विष्णु दूसरे और सचिन फागुना तीसरे स्थान पर रहे। रुमाल झपट्टा प्रतियोगिता में छात्र एवं छात्रा दोनों ही वर्गों में बी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन गोविन्द प्रसाद पाठक ने किया। इस अवसर पर डॉ. अम्बिका, डॉ. जितेन्द्र कटारा, डॉ पंकज गुप्ता एवं महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नगर निकाय चुनाव 2026 : भीलवाड़ा जिले में अब तक 525 नामांकन दाखिल, 477 उम्मीदवार

स्मार्ट हलचल।

**भीलवाड़ा,** नगर निकाय चुनाव 2026 के तहत जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में नामांकन प्रक्रिया जारी है। शनिवार 29 अगस्त तक जिले की 11 नगरीय निकायों में कुल 525 नामांकन दाखिल किए गए हैं, जबकि इन नामांकनों में कुल 477 उम्मीदवार शामिल हैं।

**नामांकन की स्थिति**

आसींद नगर पालिका में 33 नामांकन दाखिल हुए और 33 उम्मीदवार रहे। बनेड़ा नगर पालिका में 43 नामांकन दाखिल हुए, जिनमें 41 उम्मीदवार रहे। भीलवाड़ा नगर निगम में 89 नामांकन दाखिल हुए और 73 उम्मीदवार रहे। बिगोद नगर पालिका में 34 नामांकन दाखिल हुए और 33 उम्मीदवार रहे। बिजोलिया नगर पालिका में 6 नामांकन दाखिल हुए तथा 6 उम्मीदवार रहे। गंगापुर नगर पालिका में 48 नामांकन दाखिल हुए और 46 उम्मीदवार रहे। गुलाबपुरा नगर पालिका में 56 नामांकन दाखिल हुए तथा 46 उम्मीदवार रहे। हमीरगढ़ नगर पालिका में 38 नामांकन दाखिल हुए और 36 उम्मीदवार रहे। इसी प्रकार जहाजपुर नगर पालिका में 25 नामांकन दाखिल हुए तथा 21 उम्मीदवार रहे। मांडलगढ़ नगर पालिका में 29 नामांकन दाखिल हुए और 28 उम्मीदवार रहे। शाहपुरा नगर पालिका में 79 नामांकन दाखिल हुए तथा 71 उम्मीदवार रहे। इस प्रकार जिले की इन सभी 11 नगरीय निकायों में अब तक कुल 525 नामांकन दाखिल हुए हैं, जबकि कुल 477 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रस्तुत किया है।




# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) भरतपुर में स्वीप (SVEEP) कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली व विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



स्मार्ट हलचल

**भरतपुर,** ?राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान के निर्देशों तथा कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर), भरतपुर द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में, आज दिनांक 29 अगस्त 2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) भरतपुर में स्वीप (SVEEP) कार्यक्रम के तहत वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। ?यह सम्पूर्ण कार्यक्रम श्रीमती प्रीति अग्रवाल(अनुदेशक) के कुशल निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें एन सी सी अधिकारी श्री गजेंद्र सिंह जी एवं नौ सेना से रिटायर्ड चीफ पेटी अफसर श्री हरेंद्र सिंह जी का विशेष सहयोग रहा। ?इस अवसर पर संस्थान के अनुदेशक श्री गोविंद सिंह ,राहुल होलकर,विनोद कुमार जी ,दीनदयाल जी ,अमित सिंह , ललित पाल , नौ सेना से रिटार्ड श्री सत्यपाल चौधरी ,जितेंद्र सिंह , डालचंद जी आदि समस्त स्टाफ एवं ,उच्चैन फुलवारा एवं महिला आई टी आई के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इसके साथ ही परिसर में निबंध, पोस्टर, वाद-विवाद, स्लोगन एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में 'Vote for Better IndiaÓ तथा मतदाता जागरूकता से जुड़ी तख्तियाँ व स्लोगन लेकर शत-प्रतिशत, भयमुक्त और निष्पक्ष मतदान करने का संदेश दिया। निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं ने लोकतंत्र की मजबूती में अपने मताधिकार के प्रयोग के महत्व को रेखांकित किया। ?कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनावों में युवाओं और नए मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। अंत में सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों को लोकतंत्र के प्रति निष्ठा और अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई गई।

# सीसीटीवी में कैद वारदातें, फिर भी अपराधी बेखौफ!

## मंगलसूत्र झपटमारी से लेकर खजूरी शराब गोदाम चोरी तक नहीं पहुंची पुलिस की पकड़; कैमरों में सुराग होने के बावजूद खुलासे का इंतजार, शकरगढ़ पुलिस की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक शकरगढ़।** क्षेत्र में लगातार सामने आ रही आपराधिक घटनाओं और उनके लंबित खुलासों के बीच अब शकरगढ़ पुलिस की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। खास बात यह है कि दो अलग-अलग वारदातों में सीसीटीवी कैमरे पुलिस के लिए महत्वपूर्ण सुराग उपलब्ध करा रहे हैं, इसके बावजूद दोनों मामलों में पुलिस अब तक आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है। एक तरफ 9 अगस्त को हाईवे 148डी पर महिला के गले से मंगलसूत्र झपटने की वारदात हुई, वहीं दूसरी ओर खजूरी स्थित शराब गोदाम में चोरी की घटना सामने आई। दोनों घटनाओं को लेकर सीसीटीवी फुटेज की बात सामने आई है। इसके बावजूद लंबे समय बाद भी पुलिस की कार्रवाई का अंतिम परिणाम सामने नहीं आने से लोगों में चर्चा है कि आखिर जांच किस दिशा में आगे बढ़ रही है।





**पहला मामला: दिनदहाड़े मंगलसूत्र झपटमारी**

9 अगस्त को हाईवे 148डी पर दुकान पर बैठी महिला के गले से तीन अज्ञात बदमाश मंगलसूत्र झपटकर फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने टोल प्लाजा से लेकर जहाजपुर और बूंदी की ओर जाने वाले रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने की कार्रवाई भी की।

**लेकिन अब कई दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।**

सवाल यह है कि जब वारदात के बाद संभावित भागने वाले रास्तों के सीसीटीवी फुटेज तक पुलिस पहुंच चुकी है और संदिग्धों की गतिविधियां कैमरों में तलाशने की कोशिश की जा रही है, तो फिर जांच को गिरफ्तारी और बरामदगी तक पहुंचने में इतना समय क्यों लग रहा है?

**दूसरा मामला: खजूरी शराब गोदाम में चोरी**

इसी तरह खजूरी स्थित शराब गोदाम में हुई चोरी का मामला भी पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। इस घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध गतिविधियां कैद होने की बात सामने आई है, लेकिन इसके बावजूद मामले के खुलासे का इंतजार बना हुआ है। दोनों मामलों में एक समान बात सामने आती है–वारदात हुई, कैमरों में सुराग मिले और पुलिस ने जांच शुरू की, लेकिन आरोपी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

**सीसीटीवी आखिर किस काम का?**

आज के दौर में अपराध की जांच में सीसीटीवी पुलिस के लिए सबसे महत्वपूर्ण तकनीकी साधनों में से एक है। आरोपी किस रास्ते से आया, किस वाहन का इस्तेमाल हुआ, वारदात के बाद किस दिशा में गया– इन तमाम सवालों के जवाब कैमरों की रिकॉर्डिंग से मिल सकते हैं। ऐसे में लोगों का सवाल है कि यदि मंगलसूत्र झपटमारी और शराब गोदाम चोरी जैसे मामलों में सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने के बावजूद खुलासा नहीं हो पा रहा है, तो फिर पुलिस के तकनीकी तंत्र, मुखबिर तंत्र और जांच की गति को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।

**एक के बाद एक वारदात, खुलासे का इंतजार**

क्षेत्र में चोरी, झपटमारी और मारपीट जैसी घटनाओं को लेकर लोगों में चिंता बढ़ रही है। अपराध के बाद पुलिस द्वारा जांच शुरू करना जरूरी है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी है कि जांच को तार्किक परिणाम तक पहुंचाया जाए। केवल एफआईआर दर्ज होना और सीसीटीवी फुटेज खंगालना पुलिसिंग की सफलता नहीं मानी जा सकती। सफलता तब मानी जाएगी जब अपराधी पकड़े जाएं, माल बरामद हो और पीड़ितों को न्याय मिले। मंगलसूत्र झपटमारी और खजूरी शराब गोदाम चोरी के मामलों में लंबे समय से खुलासे का इंतजार पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहा है।

**अब वरिष्ठ अधिकारियों को लेना होगा संज्ञान**

इन मामलों में अब जरूरत है कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जांच की प्रगति की समीक्षा करें। सीसीटीवी फुटेज में मिले सुरागों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई, संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की पहचान के लिए क्या प्रयास किए गए और आरोपियों तक पहुंचने में क्या बाधा आ रही है–इन सवालों के जवाब सामने आने चाहिए। आमजन को पुलिस से सिर्फ कार्रवाई का आश्वासन नहीं, बल्कि कार्रवाई का परिणाम चाहिए।

क्योंकि सवाल सिर्फ दो वारदातों का नहीं है– सवाल यह है कि अगर कैमरों में कैद अपराधी भी पुलिस की पकड़ से बाहर रहेंगे, तो क्षेत्र में अपराधियों के मन में कानून का कितना भय रह जाएगा?

**शकरगढ़ पुलिस के सामने अब सीधी चुनौती**

सीसीटीवी के सुराग को गिरफ्तारी तक पहुंचाना, चोरी का माल बरामद करना और लंबित वारदातों का जल्द खुलासा करना। वरना कैमरे तो वारदातों की तस्वीर कैद कर रहे हैं, लेकिन पुलिस की जांच कब अपराधियों तक पहुंचेगी–यह सवाल लगातार बड़ा होता जाएगा।

### सत्ताधारी भाजपा और कांग्रेस से आगे निकले निर्दलीय, शहर की नाराजगी बनी चुनावी हथियार

# 29 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन; भाजपा के 10 और निर्दलीय 19 मैदान में, कई वार्डों में पार्टी प्रत्याशियों के सामने सीधी चुनौती

स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़।** नगर पालिका चुनाव में नामांकन के साथ ही चुनावी तस्वीर सामने आने लगी है। अब तक कुल 29 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। इनमें भाजपा के 10 और निर्दलीय 19 प्रत्याशी शामिल हैं। भारतीय विकास के प्रत्याशी को भी निर्दलीय प्रत्याशियों में शामिल किया गया है। उपलब्ध सूची में कांग्रेस के प्रत्याशी का नाम दर्ज नहीं है। नामांकन के आंकड़े इस बार चुनाव में निर्दलीयों की मजबूत मौजूदगी का संकेत दे रहे हैं। कई वार्डों में राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के सामने निर्दलीयों ने ताल ठोक दी है। ऐसे में मुकाबला कई वार्डों में सीधा न रहकर त्रिकोणीय और बहुकोणीय होने के आसार हैं।




**शहर की नाराजगी का फायदा उठाने की कोशिश**

शहर में स्थानीय समस्याएं भी चुनावी चर्चा के केंद्र में हैं। शहरवासियों का कहना है कि छोटे से लेकर बड़े सरकारी काम के लिए उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बजरी नहीं मिलने, मकान निर्माण की स्वीकृति में परेशानी और सरकारी काम करवाने के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने जैसी समस्याओं को लेकर लोगों में नाराजगी है। कुछ शहरवासियों ने सरकारी काम करवाने के लिए 'सुविधा शुल्क' देने के आरोप भी लगाए हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि सरकारी व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए, जिसमें आम नागरिक का काम बिना किसी अतिरिक्त भुगतान के समय पर हो।

**19 निर्दलीयों ने बिगाड़े राजनीतिक समीकरण**

कुल 29 प्रत्याशियों में 19 निर्दलीय होने से राजनीतिक दलों के सामने चुनौती बढ़ गई है। वार्ड स्तर पर स्थानीय पकड़ रखने वाले निर्दलीय प्रत्याशी पार्टी प्रत्याशियों के वोट समीकरण प्रभावित कर सकते हैं। अब सवाल यह है कि निर्दलीय किसके वोट काटेंगे और किसके चुनावी समीकरण बिगाड़ेंगे।

**वार्ड 12 में त्रिकोणीय मुकाबला**

वार्ड 12 में भंवर लाल स्वर्णकार निर्दलीय, भारती व्यास भाजपा और ओम प्रकाश कुमावत निर्दलीय मैदान में हैं। दो निर्दलीयों के सामने भाजपा प्रत्याशी होने से यहां त्रिकोणीय मुकाबला बन गया है।

**कई वार्डों में निर्दलीयों का दबदबा**

वार्ड 13 में पूजा कुमारी भट्ट, आरती सोनी और चेतन देवी तीनों निर्दलीय प्रत्याशी हैं। वार्ड 14 में सलमा बानो और जायदा बानो निर्दलीय तथा मंजू देवी भाजपा से मैदान में हैं। वार्ड 20 में लादू लाल खटीक भाजपा से, जबकि दुर्गेश कुमार नायक और दिलीप कुमार निर्दलीय हैं। वार्ड 1 में छोटू लाल निर्दलीय और रक्षिता भाजपा से मैदान में हैं। वार्ड 5 में राजू लाल माली निर्दलीय तथा दर्शन सिंह और राजेंद्र जाट भाजपा से नामांकन दाखिल कर चुके हैं।

**नाम वापसी के बाद साफ होगी तस्वीर**

नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी के बाद चुनावी मैदान की अंतिम तस्वीर साफ होगी। फिलहाल 19 निर्दलीयों की मौजूदगी ने मांडलगढ़ नगर पालिका चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। शहर के स्थानीय मुद्दे और मतदाताओं की नाराजगी इस बार राजनीतिक दलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती साबित हो सकती है।

## वार्ड नम्बर 11 व 12 में मूलभूत सुविधाओं का अभाव वार्ड में सुविधाएं नही तो वोट नही

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा (भीलवाड़ा)\।** शाहपुरा-शाहपुरा के वार्ड नम्बर 12 के सामाजिक कार्यकर्ता महेश (बन्टी) शर्मा ने व वार्ड वासियों ने बताया कि वार्ड नम्बर 11 गाडरी खेड़ा व वार्ड नम्बर 12 शान्ति विहार कॉलोनी एवं गाडरी खेड़ा रोड धोबियो के मकान वाला रास्ता जिसमे मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। वार्ड नम्बर 11 गाडरी खेड़ा आसींद रोड जहा पर एक विकट मोड़ पर है वहा पर एक लाइट का पोल है वहा पर बबूल होने व नाला खुला होने के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।इस आसींद रोड पर समेलिया गाँव के पास फतेहपुर में रीको एरिया क्षेत्र भी जिसके कारण भारी वाहनों का आना-जाना लगा रहता है।इसलिए प्रशासन को इस पर सुध लेनी चाइए। इस विकट मोड़ के पास ही गायों के लिए प्याऊ बनाई हुई है जिसको भी एक-एक ईंटे लगाकर थोड़ा ऊपर किया जाए व इस प्याऊ (पो) में पानी भरने के लिए पास ही कुआ बना हुआ है जो भी जमीन लेवल पर बना हुआ है उसके भी चारो तरफ दीवार कर के जाली लगा दी जाए जिससे कुए गिरने से बचा जा सके।वार्ड में बहुत से लोगो के भेड़-बकरियां होने के कारण कुएं में गिर जाने का डर लगा रहता है। दूसरी और वार्ड नम्बर 12 में शान्ति विहार कॉलोनी व गाडरी खेड़ा रोड पर धोबियो के मकान के बाहर सीसी रोड नही होने के कारण मोहल्ले वासियो को घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो रखा है। मोटर साईकिल से चलना तो दूर की बात है पैदल चलना भी मुश्किल है। बन्टी शर्मा ने बताया कि वार्ड 11 व 12 में मूलभूत सुविधा ही नही मिल सकती तो दूसरी सुविधा कहा से उपलब्ध हो सकती है।वार्ड वासियो ने कहा कि ऐसे छोटे कार्य भी नही हो सकते है तो वोट भी नही मिलेगा। जहा पर जरूरत नही वहा पर सड़को को खोदा जा रहा है और जहा पर मिलकुल भी सड़के नही वहा पर बिल्कुल भी ध्यान नही दिया जा रहा है।प्रशासन से अनुरोध है कि ऐसे छोटे-छोटे कार्यो पर ध्यान दिया जाए।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर शहर के विभिन्न मैदानों में हुई खेल गतिविधियां, सैकड़ों खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**कहीं हॉकी, कहीं कुश्ती तो कहीं तैराकी, मैत्री मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर**

**मेजर ध्यानचंद को नमन कर खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, क्विज और मैत्री प्रतियोगिताओं ने बढ़ाया उत्साह**



**भीलवाड़ा** हॉकी के जादूगर पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाए गए राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न खेल मैदानों में खेल प्रतिभाओं का उत्साह देखने को मिला। जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र की ओर से आयोजित विविध प्रतियोगिताओं में सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लेकर खेल भावना और फिटनेस का संदेश दिया। कहीं मैत्री मुकाबले हुए तो कहीं क्विज के माध्यम से खिलाड़ियों ने खेलों और मेजर ध्यानचंद के जीवन व उपलब्धियों की जानकारी हासिल की। जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय खेल दिवस पर कई गतिविधियां आयोजित की गईं। विभिन्न खेल मैदानों पर 'खेलों को जानो' क्विज प्रतियोगिता, मेजर ध्यानचंद की ऐतिहासिक उपलब्धियों की जानकारी और मैत्री प्रतियोगिताएं हुईं। स्वामी विवेकानंद तरण ताल में बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग दूरी एवं स्टाइल में तैराकी की मैत्री प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मुख्य समारोह टंकी के बालाजी स्थित केसरी नंदन व्यायामशाला में हुआ। यहां मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया गया। खिलाड़ियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर विपरीत परिस्थितियों में भी अपना सर्वोच्च प्रदर्शन हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया गया। इसके बाद विभिन्न भार वर्गों में कुश्ती की मैत्री प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, प्रशिक्षक और खेलप्रेमी मौजूद रहे। सुखाड़िया स्टेडियम स्थित राज्य सरकार की पंच गौरव योजना के तहत विकसित जिला स्तरीय बास्केटबॉल खेल मैदान पर बालक-बालिकाओं के बीच मैत्री मैच हुए। इसी योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों पर संचालित 10 बास्केटबॉल खेल मैदानों पर भी मैत्री मुकाबले आयोजित किए गए। इसके अलावा लवकुश व्यायामशाला में कुश्ती, नगर निगम स्टेडियम में टेबल टेनिस, सुभाष नगर खेल मैदान में खो-खो, श्रीराम व्यायामशाला पुर में जूडो व कुश्ती, राजेंद्र मार्ग विद्यालय खेल मैदान में हॉकी तथा मोदी ग्राउंड में फुटबॉल, हैंडबॉल और नेटबॉल की गतिविधियां आयोजित की गईं।

## राजस्थान में 2 दिन बाद तेज बारिश की चेतावनी

**लगातार दूसरे दिन सूखा रहा मानसून, अगस्त अंत में भी पारा 40 डिग्री के ऊपर**

**जयपुर** राजस्थान में शनिवार को लगातार दूसरा दिन रहा, जब मानसून सूखा रहा। बारिश नहीं होने से प्रदेश के सभी शहरों में आसमान साफ रहा। श्रीगंगानगर में तापमान 40 डिग्री के ऊपर रिकॉर्ड हुआ। वहीं, अलवर, टोंक, जोधपुर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं में अधिकतम तापमान 35 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों ने बताया- राज्य में अगले तीन दिन मौसम साफ रहेगा। 2 सितंबर से राज्य में एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होने की संभावना है, जिसके असर से पूर्वी राजस्थान में बारिश की गतिविधियां फिर से शुरू होगी। 2 सितंबर को 10 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मानसून की एक्टिविटी रुकी हुई है: मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- मानसून ट्रफ इस समय अमृतसर, मुजफ्फरनगर, शाहजहांपुर, बस्ती, पटना होते हुए बंगाल की खाड़ी तक गुजर रही है। इसके चलते राजस्थान में बारिश की गतिविधियां अभी रूकी हुई है।

## नगर निकाय आम चुनाव-2026 : जिले में 11 नगरीय निकायों के लिए शनिवार को आए 447 अभ्यर्थियों के कुल 509 नामांकन पत्र

**अब तक कुल 474 अभ्यर्थियों ने दाखिल किए 539 नामांकन पत्र, 30 अगस्त को रहेगा सार्वजनिक अवकाश, 31 अगस्त को दाखिल किए जा सकेंगे नामांकन पत्र**

स्मार्ट हलचल

**चूरू,** / राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान के निर्देशानुसार नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत चूरू जिले की 11 नगरीय निकायों के वार्ड सदस्यों के निर्वाचन के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। शनिवार को जिले में कुल 447 अभ्यर्थियों ने 509 नामांकन पत्र दाखिल किए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम) अर्पिता सोनी ने बताया कि शनिवार को जिले की नगरपरिषद चूरू में 46 अभ्यर्थियों के 48 नामांकन पत्र, सुजानगढ़ में 85 अभ्यर्थियों के 96 नामांकन पत्र, सरदाशहर में 50 अभ्यर्थियों के 50 नामांकन पत्र, नगरपालिका बीदासर में 29 अभ्यर्थियों के 33 नामांकन पत्र, तारानगर में 09 अभ्यर्थियों के 10 नामांकन पत्र, साहवा में 01 अभ्यर्थी का 01 नामांकन पत्र, रतननगर में 01 अभ्यर्थी का 01 नामांकन पत्र, रतनगढ़ में 84 अभ्यर्थियों के 106 नामांकन पत्र, राजलदेसर में 38 अभ्यर्थियों के 49 नामांकन पत्र, राजगढ़ में 75 अभ्यर्थियों के 86 नामांकन पत्र, छापर में 29 अभ्यर्थियों के 29 नामांकन पत्र प्राप्त हुए । उन्होंने बताया कि इस प्रकार जिले की सभी 11 नगरीय निकायों में शनिवार को 447 अभ्यर्थियों के कुल 509 नामांकन पत्र दाखिल किए गए।

अर्पिता सोनी ने बताया कि नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत चूरू जिले की 11 नगरीय निकायों के कुल 430 वार्डों के लिए अब तक कुल 539 नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं, जिनमें 474 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक नगरपालिका बीदासर में 34 अभ्यर्थियों के 39 नामांकन पत्र, तारानगर में 09 अभ्यर्थियों के 10 नामांकन पत्र, साहवा में 01 अभ्यर्थी का 01 नामांकन पत्र, रतननगर में 01 अभ्यर्थी का 01 नामांकन पत्र, रतनगढ़ में 91 अभ्यर्थियों के 115 नामांकन पत्र, राजलदेसर में 39 अभ्यर्थियों के 50 नामांकन पत्र, राजगढ़ में 82 अभ्यर्थियों के 93 नामांकन पत्र, छापर में 30 अभ्यर्थियों के 30 नामांकन पत्र, नगरपरिषद चूरू में 50 अभ्यर्थियों के 52 नामांकन पत्र, सुजानगढ़ में 87 अभ्यर्थियों के 98 नामांकन पत्र तथा सरदारशहर में 50 अभ्यर्थियों के 50 नामांकन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा आम चुनाव के लिए घोषित कार्यक्रम के अनुसार सदस्य पद हेतु 31 अगस्त, 2026 नाम निर्देशन-पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि है। इन दिनों में रविवार, 30 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण नाम निर्देशन प्राप्त नहीं किए जाएंगे। इसी कड़ी में 01 सितंबर, 2026 को नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा की जाएगी व 03 सितंबर, 2026 को दोपहर 03 बजे तक अभ्यर्थिता वापस ली जा सकेगी। 04 सितम्बर, 2026 को निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा। प्रथम चरण के लिए मतदान 9 सितंबर, 2026 तथा द्वितीय चरण के लिए मतदान 11 सितंबर, 2026 को होगा। मतदान का समय सवेरे 07 बजे से सायं 06 बजे तक निर्धारित किया गया है। मतगणना 14 सितंबर, 2026 को की जाएगी।

# देवरिया में सीएम योगी का सपा पर हमला !

## सीएम योगी बोले-एक परिवार के पांच सांसदों ...

### वाले दल का भी जनता पार्टी जैसा हाल होगा

स्मार्ट हलचल

देवरिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अब माफिया राज का दौर पूरी तरह खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरा बनने वालों के लिए जेल या नर्क ही जगह है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी प्रदेश में 'एक जिला, एक माफिया' की चर्चा होती थी, लेकिन अब 'एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज' का दौर है। उन्होंने देवरिया और कुशीनगर में मेडिकल कॉलेज खोले जाने को विकास की बड़ी उपलब्धि बताया। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर एन्सेफलाइटिस और माफिया राज को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि एन्सेफलाइटिस केवल बीमारी नहीं, बल्कि एक बीमार सोच का परिणाम थी। योगी ने आरोप लगाया कि सपा और कांग्रेस की सरकारों ने इस गंभीर समस्या को लेकर संवेदनशीलता नहीं दिखाई। उन्होंने दावा किया कि चार दशक से



अधिक समय में इस बीमारी ने 50 हजार से ज्यादा मासूमों की जान ली। मुख्यमंत्री के मुताबिक पिछली सरकारों के अधिकारी भी इस संकट के प्रति बेपरवाह बने रहे और पीड़ित परिवारों की सुध लेने के लिए तत्कालीन सरकारों के मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री तक नहीं पहुंचे। योगी ने कहा कि उस समय प्रदेश में माफिया का समानांतर शासन चलता था और गरीब तथा पीड़ित व्यक्ति खुद को असहाय महसूस करता था। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद इस तस्वीर को बदल दिया। आज उत्तर प्रदेश की पहचान बीमारू राज्य के रूप में नहीं, बल्कि सम्मानजनक और विकासशील प्रदेश के तौर पर है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार ने माफिया की कमर पूरी तरह तोड़ दी है और कानून-व्यवस्था के मामले में किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 26 तारीख को निशुल्क बस यात्रा योजना शुरू होते ही सपा का 'बबुआ' नींद से जाग गया। योगी ने कटाक्ष किया कि हड़बड़ी में प्रेस वार्ता तो बुला ली गई, लेकिन कहने के लिए कुछ समझ नहीं आया। उन्होंने सपा नेतृत्व की कार्यशैली पर तंज कसते हुए कहा कि उनका 'बबुआ' दोपहर में उठता है। मुख्यमंत्री ने सपा पर भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के गंभीर आरोप लगाते हुए लखनऊ स्थित जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर यानी जेपीएनआईसी का उदाहरण दिया। योगी



के मुताबिक इस परियोजना की शुरुआती अनुमानित लागत करीब 200 करोड़ रुपये थी, लेकिन सपा सरकार के दौरान इस पर 864 करोड़ रुपये खर्च कर दिए गए। उन्होंने कहा कि इतना पैसा खर्च होने के बाद भी परियोजना अधूरी रह गई। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सपा की योजना सरकारी खजाने से और बड़ी रकम खर्च कराने की थी। उनके अनुसार करीब 900 से 1000 करोड़ रुपये खर्च कर परियोजना को एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से संचालित कराने की तैयारी थी। योगी ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी खुद भी एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम करती है और इसे बड़े घोटाले की तैयारी बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता अब ऐसे राजनीतिक तौर-तरीकों को अच्छी तरह समझ चुकी है। उन्होंने सपा के परिवारवाद पर भी हमला बोला और कहा कि एक परिवार के पांच सांसदों वाले दल का भी जनता पार्टी जैसा हाल होना तय है। उन्होंने दावा किया कि जनता अब परिवारवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति को स्वीकार करने वाली नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार विकास, सुरक्षा और सुशासन के एजेंडे पर काम कर रही है। उनके अनुसार प्रदेश में मेडिकल कॉलेज, स्वास्थ्य सुविधाओं और बुनियादी ढांचे का विस्तार तेजी से हुआ है। योगी ने एन्सेफलाइटिस के खिलाफ सरकार की कार्रवाई को भी बड़ी सफलता बताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह माफिया पर प्रभावी कार्रवाई की गई, उसी तरह गंभीर बीमारियों पर भी निर्णायक प्रहार किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में कानून का राज है और अपराधियों के लिए कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं है। उन्होंने कहा कि बेटियों, व्यापारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। योगी ने विपक्ष पर विकास के बजाय परिवार और स्वार्थ की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जनता अब उत्तर प्रदेश को नए नजरिए से देख रही है और प्रदेश विकास तथा सुशासन की नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है।

## खेल सुविधाओं के विस्तार से भीलवाड़ा बनेगा खेल प्रतिभाओं की नई नर्सरी

**पटेल नगर में 36 करोड़ की लागत से बन रहा मल्टीपर्पज इंडोर स्टेडियम, शहर के विभिन्न क्षेत्रों में DMFT फंड से 20 करोड़ की खेल सुविधाएं विकसित करने का प्रस्ताव**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा में खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में बड़े स्तर पर काम किया जा रहा है। पटेल नगर में नगर विकास न्यास (UIT) द्वारा करीब 36 करोड़ रुपये की लागत से मल्टीपर्पज इंडोर स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। यह स्टेडियम शहर के खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों के लिए आधुनिक एवं बेहतर खेल सुविधाओं का महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगा। प्रस्तावित खेल परिसर में 400 मीटर एथलेटिक्स ट्रैक, फुटबॉल टर्फ फील्ड, स्विमिंग पूल, बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, लॉन टेनिस कोर्ट तथा इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इन सुविधाओं के शुरू होने के बाद खिलाड़ियों को नियमित खेल प्रशिक्षण, कोचिंग कैंप और विभिन्न स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। इसके अलावा भीलवाड़ा के विभिन्न क्षेत्रों में DMFT फंड के माध्यम से करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से खेल सुविधाएं विकसित करने का प्रस्ताव भी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से शहर के साथ-साथ ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में भी खिलाड़ियों को खेल के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा। खेल विशेषज्ञों और खेलप्रेमियों का मानना है कि किसी भी शहर में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए केवल प्रतिभा पर्याप्त नहीं होती, बल्कि उन्हें विश्वस्तरीय खेल मैदान, आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं, योग्य प्रशिक्षक और नियमित प्रतियोगिताओं का अवसर भी मिलना जरूरी है। भीलवाड़ा में प्रस्तावित और निर्माणाधीन इन खेल सुविधाओं के साथ यदि नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण कोचिंग शुरू होती है, तो आने वाले वर्षों में शहर और जिले से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होने की संभावनाएं काफी मजबूत होंगी। इससे भीलवाड़ा की पहचान औद्योगिक शहर के साथ-साथ एक उभरते हुए स्पोर्ट्स हब के रूप में भी स्थापित हो सकती है। जरूरत इस बात की है कि इन खेल परिसरों का निर्माण पूरा होने के बाद इन्हें केवल आधारभूत ढांचे तक सीमित न रखते हुए नियमित कोचिंग, वैज्ञानिक प्रशिक्षण, खेल प्रतियोगिताओं और प्रतिभा पहचान कार्यक्रमों से जोड़ा जाए। इससे गांव से लेकर शहर तक की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का एक मजबूत मंच मिल सकेगा।

## देवरिया से मालासेरी डूंगरी व सवाईभोज मंदिर आसींद तक निकली चतुर्थ पदयात्रा, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

**आस्था, सेवा और समर्पण का संदेश लेकर हजारों श्रद्धालु हुए शामिल, भजन कलाकारों ने बांधा समां**

स्मार्ट हलचल



**अरवड़-** आस्था, सेवा और समर्पण का संदेश लेकर देवरिया निवासी कर्नाटक राज्यपाल के ओएसडी शंकर लाल गुर्जर के नेतृत्व में शनिवार को चतुर्थ पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा शनिवार सुबह देवरिया से रवाना हुई, जो बंक्यारानी, तांबेसर की बावड़ी और मालासेरी डूंगरी होते हुए सवाई भोज मंदिर आसींद पहुंचेगी।पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। राजस्थान के प्रसिद्ध भजन कलाकारों ने यात्रा के दौरान लाइव भजन प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। वहीं अलगोजा कलाकारों ने पारंपरिक अलगोजा वादन की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं में उत्साह भर दिया।

**पदयात्रा का गांवों में जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ**

देवरिया, पनोतिया,अरवड़, इटड़िया, कोठियां सहित मार्ग में आने वाले गांवों में पदयात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने शंकर लाल गुर्जर का माल्यार्पण कर साफा बंधवाया। कई स्थानों पर जेसीबी से पुष्पवर्षा कर पदयात्रा का स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु मौजूद रहे। पदयात्रा के दौरान श्रद्धालु भजनों पर झूमते हुए और धार्मिक जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े।

## सूरौठ में नगर पालिका चुनाव के लिए 49 नामांकन दाखिल

स्मार्ट हलचल



**सूरौठ।** नगर पालिका सूरौठ में पार्षद पद के चुनाव के लिए शनिवार को 41 लोगों ने 49 नामांकन दाखिल किए। नामांकन प्रक्रिया के दौरान तहसील कार्यालय में संभावित प्रत्याशियों, प्रस्तावकों एवं समर्थकों की काफी भीड़ रही। चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों ने सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक रिटर्निंग ऑफिसर प्रीति चक को नामांकन पत्र जमा कराए। इस दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अशोक कुमार, नायब तहसीलदार हरीशंकर शर्मा, थाना प्रभारी सुमेर सिंह गुर्जर व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। नगर पालिका चुनाव प्रभारी राजवीर सिंह डांगुर ने बताया कि शनिवार शाम तक सूरौठ नगर पालिका के 20 वार्डों में पार्षद का नामांकन भरने के लिए 225 लोगों ने तहसील कार्यालय से निर्धारित फीस जमा कराकर फार्म खरीदे। शनिवार को 41 लोगों ने 49 नामांकन दाखिल किए। 8 लोगों ने डबल नामांकन भरे। इस दौरान तहसील कार्यालय में काफी पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

## सब जूनियर वॉल बैडमिंटन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करौली की टीम बनी चैंपियन

स्मार्ट हलचल



**सूरौठ।** टोंक जिले के मालपुरा में आयोजित हुई 8वी सब जूनियर बॉल बैडमिंटन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करौली जिले की बालक वर्ग की टीम चैंपियन बनी है। सब जूनियर बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में करौली की टीम ने ब्यावर को सीधे सेटों में 2-1 से पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया है। सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश भांकर ने बताया कि प्रतियोगिता में टीम के सेंटर प्लेयर अकुल देव को टूर्नामेंट का बेस्ट प्लेयर चुना गया।इसी तरह बैडमिंटन सीनियर बालक वर्ग में करौली जिले की टीम ने अपने हार्ड लाइन मुकाबले में चुरू को पराजित करते हुए प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम के प्लेयर भविष्य जाट को बेस्ट प्लेयर चुना गया करौली की टीम के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर क्रीड़ा भारती के विभाग संयोजक हरीश पाठक, संघ चालक और जिला संघ के अध्यक्ष देवी सिंह राजपूत बदनपुरा, जिला संघ के कोषाध्यक्ष राजू लाल डागुर, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय सिंह डागुर, जाट समाज चौबीसा के अध्यक्ष रामेश्वर डागुर, जगदीश भांकर, क्रीड़ा भारती जिला करौली की मातृशक्ति प्रमुख ममता बैनीवाल, अतर सिंह रोत्रवाल प्रधानाध्यापक आदि ने करौली जिले की टीम के समस्त खिलाड़ीयों एवं प्रशिक्षक का सम्मान किया द्य बॉल बैडमिंटन खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण क्रीड़ा भारती जिला करौली के खेल केंद्र सोमला रात्रा पर राष्ट्रीय प्रशिक्षक और क्रीड़ा भारती के जिला मंत्री गोपाल सिंह रौत्रवाल द्वारा दिया गया।

# कोई और प्रकाशक ढूंढ लेते, इसमें सरकार को बीच में लाने की क्या जरूरत है?

## सोनिया गांधी की किताब को लेकर कांग्रेस के आरोप पर बीजेपी का पलटवार



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
सोनिया गांधी की किताब बिलॉन्गिंग से जुड़े विवाद में सरकार पर कांग्रेस के हमलों को लेकर बीजेपी नेताओं ने कांग्रेस के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि यह लेखक और प्रकाशक के बीच का विवाद है। सोनिया गांधी की आत्मकथा बिलॉन्गिंग को छापने से प्रकाशक कंपनी पेंगुइन इंडिया ने मना कर दिया है। इसके बाद कांग्रेस ने सरकार पर सवाल उठाए थे। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को कहा कि लेखक और प्रकाशक के बीच में कहीं किसी तरह का अंतरविरोध है। प्रकाशक का अपना प्रॉरोगेटिव है और लेखक का अपना व्यूपॉइंट है। उसको राजनीति में लाने के बजाय किसी और प्रकाशक ढूंढ लेते, इसमें भारत सरकार को बीच में लाने की क्या जरूरत है?
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा कि वे सरकार पर दबाव के आरोप क्यों लगा रहे हैं। पेंगुइन इंडिया और रैंडम हाउस इंडिया ने साफ कर दिया है कि यह किताब उनकी नहीं है। अब इसके पीछे क्या मकसद था, यह तो वे या सोनिया गांधी समझ सकती हैं। अपने आधिकारिक बयान में उन्होंने साफ कहा था कि वे कुछ हिस्सों को हटाने की कोशिश कर रहे थे और सोनिया गांधी इससे सहमत नहीं थीं। यह पब्लिशर और लेखक के बीच का विवाद है। उन्होंने कहा कि पहले भी ऐसा हुआ है, जब प्रकाशक को कुछ चीजें नहीं छापनी होती हैं तो वह अपनी आपत्ति दर्ज करता है। इसमें सरकार का रोल कहां से आया?
उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी को यह देश को बताना चाहिए कि वह विवादित अंश क्या था। क्या उन्होंने अपनी सास के बारे में कुछ लिख दिया था? क्या अपने देवर के बारे में कुछ ऐसी चीजें लिखीं, जो उन्हें नहीं लिखनी चाहिए थीं। या कुछ और बात है, जो पेंगुइन ने कहा है। उन्होंने कहा कि इस पर सोनिया गांधी खामोश हैं। बीजेपी प्रवक्ता आरपी सिंह ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि जब भी कोई किताब प्रकाशित होती है, तो वह प्रकाशक और लेखक के बीच के रिश्ते पर आधारित होती है और दोनों की ही मिली-जुली जिम्मेदारी होती है। किताब में दिए गए तथ्यों और कंटेंट के लिए दोनों ही जिम्मेदार होते हैं।
वहीं बिहार सरकार में मंत्री अशोक कुमार चौधरी ने कहा कि हमें नहीं पता कि असलियत क्या है। सोनिया गांधी की किताब को लेकर किसने दबाव डाला। पेंगुइन ने क्या किया या क्या नहीं किया। इस पर चर्चा तो हुई है, लेकिन हमें असल बात नहीं पता। बीजेपी नेता टीआर श्रीनिवास ने कहा कि यह सोनिया गांधी की किताब है, जिसे पेंगुइन को प्रकाशित करना था। इसका समय राजनीतिक और गैर-साहित्यिक लगता है। पेंगुइन ने आपत्ति जताई है, क्योंकि जब भी आप कोई किताब प्रकाशित करते हैं, तो उसमें तथ्य सही होने चाहिए।

## नेपाल-तिब्बत सीमा पर महाप्रलय में महाराष्ट्र के 200 से 400 नागरिक फंसे, 60 के लापता होने की आशंका

मुंबई (एजेंसी)। नेपाल और तिब्बत की सीमा से लगे क्षेत्रों में आई भीषण बाढ़ और प्राकृतिक आपदा के बीच महाराष्ट्र के करीब 200 से 400 नागरिकों के फंसे होने का अनुमान है। इनमें से करीब 100 से 125 लोगों का एक समूह सुरक्षित बताया जा रहा है। यह समूह मानसरोवर की ओर आगे बढ़ रहा है या फिर वहां से वापसी के मार्ग पर है। हालांकि, सीमा क्षेत्र में सड़कें और इमिग्रेशन पोस्ट बह जाने के कारण इन यात्रियों की सुरक्षित वापसी बड़ी चुनौती बन गई है। नेपाल और चीन की सरकारें उनके लिए वैकल्पिक मार्ग तलाशने में जुटी हैं। अखिल महाराष्ट्र गिर्यारोहण महासंघ के अध्यक्ष उमेश झिरपे ने कहते हैं कि वे प्रभावित यात्रियों और कुछ गिर्यारोहकों के लगातार संपर्क में हैं। उनके अनुसार, मुंबई से गए एक समूह के करीब 60 लोगों के लापता होने की आशंका है। इस समूह में महाराष्ट्र के नागरिकों के अलावा कुछ अनिवासी भारतीय भी शामिल हैं। वहीं, अब तक करीब 105 नागरिकों के सुरक्षित रूप से भारत लौटने की जानकारी सामने आई है। सीमा क्षेत्र में लगातार खराब मौसम और बाढ़ के कारण राहत एवं बचाव अभियान बेहद चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। कई स्थानों पर संपर्क मार्ग और सड़कें क्षतिग्रस्त होने से यात्रियों तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। प्रभावित लोगों के परिजन भी चिंता में हैं। महाराष्ट्र से लापता नागरिकों के कई रिश्तेदार नेपाल की ओर रवाना होने लगे हैं। इस बीच, काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने प्रभावित भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए विशेष सहायता कक्ष शुरू किया है। दूतावास और स्थानीय प्रशासन के माध्यम से फंसे हुए लोगों की जानकारी जुटाने तथा उन्हें सुरक्षित निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। उमेश झिरपे ने कहा कि प्रभावित तीर्थयात्रियों और नागरिकों की तलाश, बचाव कार्य तथा आवश्यक सहायता पहुंचाने के लिए संबंधित प्रशासन और आपातकालीन एजेंसियां पूरी ताकत से काम कर रही हैं। अत्यंत चुनौतीपूर्ण मौसम के बीच अभियान चलाया जा रहा है और आने वाले दिनों में भी प्राकृतिक संकट का खतरा बना हुआ है। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई वंदे भारत एक्सप्रेस, यात्रियों में मची अफरा-तफरी

हजारीबाग (एजेंसी)। हजारीबाग में देर रात चरही और बेस रेलवे स्टेशन के बीच रांची से पटना जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस दुर्घटना की शिकार हो गई। पटरी पर अचानक आई एक लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से ट्रेन टकरा गई। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। एक बड़ा ट्रेन हादसा होने से बाल-बाल बच गया। जानकारी के मुताबिक हादसा इतना जोरदार था कि टक्कर के बाद ट्रेन को थोड़ा नुकसान हुआ। घटना के तुरंत बाद ट्रेन पायलट ने मुस्तैदी दिखाते हुए गाड़ी को रोक दिया। इसके बाद वंदे भारत एक्सप्रेस करीब 41 मिनट तक दुर्घटनास्थल पर ही खड़ी रही। घटना की जानकारी तुरंत रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस को दी गई। ट्रेन रुकने के बाद तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रेन की जांच की। सुरक्षा मानकों को पूरा करने और रूट क्लियर होने के बाद ट्रेन को पटना के लिए रवाना किया गया। हादसे के कारण ट्रेन में सवार यात्रियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। हालांकि किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर ट्रक-पिकअप की टक्कर, आग लगने से चालक जिंदा जला

झाबुआ (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में दिल्ली-मुंबई 8-लेन एक्सप्रेसवे के पहुंच मार्ग पर शुक्रवार रात ट्रक और पिकअप वाहन की आमने-सामने जोरदार टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई जिसमें पिकअप चालक जिंदा जल गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात एक ट्रक दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही पिकअप से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में दोनों वाहनों में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में पिकअप चालक को वाहन से बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। वह वाहन के अंदर ही फंस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मियाटी निवासी तेरु खिमा भाबर के रूप में हुई है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद वहां जाम लगा गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने घटनास्थल पर यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया। साथ ही हादसे के संबंध में मामला दर्ज कर फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। लोगों का कहना है कि एक्सप्रेस-वे के पहुंच मार्ग की चौड़ाई कम होने के कारण यहां वाहनों की आवाजाही में परेशानी होती है। सड़क पर एक साथ दोनों दिशाओं से आने-जाने वाले वाहनों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस मार्ग पर लगातार हादसे होने से क्षेत्रवासियों में चिंता बढ़ रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से एक्सप्रेस-वे के पहुंच मार्ग की चौड़ाई बढ़ाने, यातायात व्यवस्था को बेहतर करने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है।

## ममता बनर्जी के पास कोई विचारधारा नहीं: शिवसेना ने साधा निशाना

मुंबई (एजेंसी)। शिंदे शिवसेना की प्रवक्ता शाइना एनसी ने टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर कड़ा हमला बोला है, यह कहकर कि उनके पास कोई विचारधारा और विजन प्लान नहीं है। ममता के वोट चोरी के आरोपों को खारिज कर शिंदे शिवसेना की प्रवक्ता शाइना ने उन्हें बेबुनियादी आरोप लगाने की बजाय अपने मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दे दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग अपना काम कर रहा है और फर्जी तथा डबल मतदाताओं को हटाना सामान्य एवं आवश्यक प्रक्रिया है। शाइना एनसी ने कहा कि ममता बनर्जी इसतरह के बेबुनियादी आरोप लगाती रहेंगी। इसके अलावा, एनसी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के न्यूयॉर्क में आयोजित कार्यक्रम को भारत के लिए गर्व का विषय बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका में लाखों भारतीय रहते हैं और संघ का वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश भारत की विश्व में नेतृत्व क्षमता को दिखाता है। उन्होंने संघ को राष्ट्रवाद और सेवा के लक्ष्य वाला 100 साल पुराना सांस्कृतिक संगठन बताया। नेपाल में आई भीषण त्रासदी पर शिवसेना प्रवक्ता ने भारत की निरंतर मदद को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास लगातार संवाद में हैं, और महाराष्ट्र के नेताओं एकनाथ शिंदे व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी राज्य के पर्यटकों को सुरक्षित वापस लाने में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने प्राकृतिक आपदा को पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी देखने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि भविष्य के लिए हम सावधान रहें। नेपाली प्रधानमंत्री की भारत यात्रा का स्वागत कर शाइना ने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंधों के महत्व को दोहराया और कहा कि वर्तमान में नेपाल की मदद करना सर्वोपरि है।

## एमएलसी मिर्जा रहमत बेग को पार्टी से निकाला

**-एआईएमआईएम ने तत्काल इस्तीफा देने के दिए निर्देश**



**हैदराबाद, एजेंसी।**
ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने तेलंगाना विधान परिषद के सदस्य (एमएलसी) मिर्जा रहमत बेग को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी ने शुक्रवार व शनिवार रात यह कार्रवाई करते हुए बेग को तत्काल प्रभाव से विधान परिषद के सभापति को अपना इस्तीफा सौंपने का निर्देश दिया है।
एआईएमआईएम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए मिर्जा रहमत बेग के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी दी। पार्टी के संयुक्त सचिव एसए हुसैन अनवर की ओर से बेग को यह निर्देश जारी किया गया। हालांकि, पार्टी की ओर से अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि किन कारणों या आरोपों के चलते उन्हें पार्टी से बाहर किया गया है।
2023 में एमएलसी चुने गए थे बेग
मिर्जा रहमत बेग ने वर्ष 2023 में हैदराबाद लोकल अथॉरिटीज सीट से तेलंगाना विधान परिषद का चुनाव जीता था। चुनाव में जीत के बाद वह एआईएमआईएम के प्रतिनिधि के तौर पर विधान परिषद पहुंचे थे। पार्टी के मौजूदा फैसले के बाद अब उनके राजनीतिक भविष्य और विधान परिषद की सदस्यता को लेकर भी स्थिति पर नजर बनी हुई है।
इस्तीफे के निर्देश से बढ़ी सियासी हलचल
एआईएमआईएम की ओर से पार्टी से निष्कासन के साथ ही विधान परिषद के सभापति को इस्तीफा सौंपने का निर्देश दिए जाने से तेलंगाना की राजनीति में चर्चा तेज हो गई है। पार्टी ने अपने बयान में निष्कासन का कारण नहीं बताया है। ऐसे में कार्रवाई के पीछे की वजह को लेकर फिलहाल आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## अचानक चेन्नई सेंट्रल जेल पहुंचे सीएम विजय को देखने पहुंच गई भीड़

### थाने में एसएचओ को बैठाकर की पूछताछ, औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप





**चेन्नई, एजेंसी।**
तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय अचानक चेन्नई की पुझल सेंट्रल जेल और उसके बाद पुझल पुलिस स्टेशन पहुंचे। मुख्यमंत्री के इस औचक दौरे से प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। शुक्रवार को विजय के काफिले को देखने के लिए सड़क किनारे बड़ी संख्या में लोग भी जमा हो गए। जेल के निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री सीधे एम-3 पुझल पुलिस स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों से थाने के कामकाज और कानून-व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली।
पुझल सेंट्रल जेल देश के बड़े कारागार परिसरों में शामिल है। मुख्यमंत्री विजय ने यहां सबसे पहले महिला जेल परिसर का निरीक्षण किया। इसके बाद विचाराधीन और सजायाफ्ता कैदियों के वार्डों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कैदियों को उपलब्ध कराई जा रही बुनियादी सुविधाओं पर अधिकारियों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री विजय जेल की रसोई में भी पहुंचे और कैदियों के लिए तैयार किए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता तथा साफ-सफाई की जांच की। इसके बाद उन्होंने जेल अस्पताल, क्वारंटाइन क्षेत्र और नशा मुक्ति पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा सुविधाओं और कैदियों के स्वास्थ्य से जुड़े इंतजामों की जानकारी अधिकारियों से ली।
जेल परिसर में संचालित कक्षाओं और पुस्तकालय का भी मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कैदियों के लिए पुस्तकालय में पर्याप्त संख्या में किताबें उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उनमें पढ़ने की आदत विकसित हो। उन्होंने कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाए जा रहे व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों की स्थिति भी देखी।
मुख्यमंत्री विजय ने जेल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों से कड़े सवाल किए। उन्होंने रिश्वतखोरी, अवैध मोबाइल फोन के इस्तेमाल और नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी ली। इसके अलावा हिरासत में होने वाली मौतों और कैदियों की आपसी सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों की भी समीक्षा की। जेल के बाद मुख्यमंत्री पुझल पुलिस स्टेशन पहुंचे। वहां उन्होंने पुलिस इंस्पेक्टर से थाने की कार्यप्रणाली और इलाके में कानून-व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सब-इंस्पेक्टर कक्ष, कंप्यूटर रूम और लॉक-अप का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि शिकायत लेकर थाने पहुंचने वाले आम नागरिकों को जरूरी बुनियादी सुविधाएं मिलें और उनके साथ किसी तरह का दुर्व्यवहार या अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने कंप्यूटर सिस्टम और सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली तथा उनके रखरखाव की भी जांच की। मुख्यमंत्री के इस अचानक निरीक्षण को पुलिस और जेल प्रशासन की जवाबदेही परखने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है।

### जन-जन तक संस्कृत पहुंचाने के लिए संस्कृत सप्ताह का आयोजन

## गोदावरी धाम में श्रद्धालुओं को तिलक लगाकर और रक्षा सूत्र बांधकर दी संस्कृत दिवस की शुभकामनाएं

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** संस्कृत भारती, कोटा महानगर द्वारा जन-जन तक संस्कृत भाषा को पहुंचाने और नई पीढ़ी को संस्कृत से जोड़ने के उद्देश्य से 28 अगस्त से 2 सितंबर तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। संस्कृत सप्ताह के अवसर पर गोदावरी धाम मंदिर में संस्कृत भारती के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं एवं आमजन को तिलक लगाकर तथा रक्षा सूत्र बांधकर संस्कृत दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संस्कृत सप्ताह संयोजक दिनेश गौतम ने उपस्थित लोगों को संस्कृत दिवस के महत्व की जानकारी देते हुए संस्कृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति, ज्ञान और गौरवशाली परंपराओं को समझने के लिए संस्कृत का ज्ञान आवश्यक है। उन्होंने कहा, 'भारत को जानने के लिए संस्कृत को जानना आवश्यक है।' इस अवसर पर डॉ. ललित नामा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 1969 से संस्कृत दिवस मनाने की परंपरा प्रारंभ की गई, जो निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भारतीय ज्ञान, दर्शन, साहित्य और संस्कृति की समृद्ध परंपरा की आधारभूत भाषा है। संस्कृत भारती कोटा महानगर के मंत्री



आशुतोष गौतम ने बताया कि संस्कृत सप्ताह के आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत वृक्षारोपण, संस्कृत संध्या, श्लोक पाठ प्रतियोगिता, संस्कृत संवाद प्रतियोगिता एवं संस्कृत गीत प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। ये कार्यक्रम शहर के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित होंगे, जिनमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। संस्कृत दिवस के कार्यक्रम में देवेन्द्र गौतम, हेमराज, दीपक नागर, दिनेश शर्मा, नवीन, नंदिनी पंकज, शीतल, कोमल सैनी, उर्वशी, दिव्यानी गुर्जर, पूनम नागर सहित संस्कृत भारती के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निकाय चुनाव की कमान तेज: भाजपा ने एडवोकेट जितेंद्र कुमावत को सवाई माधोपुर जिला प्रभारी बनाया

स्मार्ट हलचल



अ जयपुर- आगामी नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा राजस्थान की ओर से जिला स्तर पर चुनावी जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमावत के निर्देशानुसार एडवोकेट जितेंद्र कुमावत को सवाई माधोपुर जिले का निकाय चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। जितेंद्र कुमावत भाजपा राजस्थान ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता हैं तथा पूर्व में भाजपा जयपुर दक्षिण के जिलामंत्री व भाजपा दूदू मंडल के मण्डल अध्यक्ष का दायित्व भी संभाल चुके हैं। संगठन की ओर से उन्हें सवाई माधोपुर जैसे महत्वपूर्ण जिले की जिम्मेदारी सौंपे जाने को आगामी निकाय चुनाव की तैयारियों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद कुमावत ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, संगठन महामंत्री अजय कुमार, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा तथा भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमावत का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने एक सामान्य कार्यकर्ता पर विश्वास जताकर जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया जाएगा। कुमावत ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाने और पार्टी की नीतियों एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए पूरी सक्रियता से कार्य किया जाएगा। उन्होंने संगठन के निर्णय को कार्यकर्ता के सम्मान और विश्वास का प्रतीक बताते हुए चुनाव में भाजपा की जीत के लिए जुटने का संकल्प व्यक्त किया। कुमावत ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत, संगठन की मजबूत रणनीति और जनता के विश्वास के साथ भाजपा निकाय चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने संकल्प व्यक्त किया- 'भाजपा जीतेगी, कमल खिलेगा।'

## सिंधु जलसंधि: पाकिस्तान की वैश्विक गुहार पर भारत का जबाव....खून और पानी साथ नहीं बह सकते

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
सिंधु जलसंधि (आईडब्ल्यूटी) को लेकर पाकिस्तान इन दिनों ब्रिटेन से लेकर अमेरिका तक भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने में लगा हुआ है। पाकिस्तानी उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मुहम्मद इशाक डार ने हाल ही में भारत को चेतावनी दी है कि वह संधि के तहत पाकिस्तान को आवंटित पानी से वंचित करने का प्रयास न करे। हालांकि, भारत ने दो टूक कहा है कि खून और पानी साथ नहीं बह सकते और इस्लामाबाद भारतीय नागरिकों व सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर बिना किसी बदले की भावना के डेटा-शेयरिंग की उम्मीद नहीं कर सकता।
भारत सरकार के वरिष्ठ सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि जल सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा आपस में जुड़े हुए हैं। भारत का यह दो टूक जवाब डार के उन दावों के बाद आया है जिसमें उन्होंने आईडब्ल्यूटी को पूरी तरह से वैध, बाध्यकारी और लागू बताया था और संधि को स्थगित करने के भारत के कथित फैसले को खारिज कर दिया था। डार ने चेतावनी दी थी कि पाकिस्तान को पानी से वंचित करने के किसी भी प्रयास के क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा पर गंभीर परिणाम हो सकते है।
पाकिस्तानी उप-प्रधानमंत्री ने कहा कि 1960 में हस्ताक्षर होने के बाद से सिंधु जलसंधि को अब अपनी सबसे बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने तर्क दिया कि यह संधि इसलिए कायम रही क्योंकि दोनों देशों को यह समझ थी कि करोड़ों लोगों का जीवन जिन जल स्रोतों पर निर्भर है, वे राजनीतिक उतार-चढ़ाव का शिकार नहीं बनाए जा सकते। डार ने जलवायु परिवर्तन का हवाला देकर बातचीत, पारदर्शी डेटा साझाकरण और तकनीकी सहयोग बढ़ाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के लिए जल सुरक्षा को आर्थिक सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और अंततः राष्ट्रीय सुरक्षा से अलग नहीं किया जा सकता। लेकिन भारत ने अपनी स्थिति



स्पष्ट कर दी है, जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देना जारी रखेगा, तब तक पानी के मुद्दे पर सामान्य सहयोग की अपेक्षा नहीं की जा सकती। यह दर्शाता है कि भारत अब पानी के मुद्दे को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़कर देख रहा है और पाकिस्तान के वैश्विक दबाव के बावजूद अपने रुख पर कायम है।

## प्रधानमंत्री मोदी उज्बेकिस्तान की दो दिवसीय यात्रा पर हुए रवाना, किर्गिज भी जाएंगे

**-व्यापार, निवेश, डिजिटल कनेक्टिविटी, रक्षा, ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग पर करेंगे चर्चा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार सुबह उज्बेकिस्तान की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना हो गए। पीएम मोदी ने उज्बेकिस्तान के लिए रवाना होने से पहले लिखा- मैं 29 अगस्त से 1 सितंबर तक उज्बेकिस्तान और किर्गिज की यात्रा पर जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में भारत-उज्बेकिस्तान रणनीतिक साझेदारी में काफी प्रगति हुई है। मैं राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के साथ व्यापार और निवेश, डिजिटल कनेक्टिविटी, रक्षा, ऊर्जा के क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने और विकसित भारत और यांगी उज्बेकिस्तान के हमारे साझा विजन को आगे बढ़ाने पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं।
उन्होंने कहा कि मैं ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज में शास्त्री स्मारक और महात्मा गांधी केंद्र का भी दौरा करूंगा, जो हमारे दोनों देशों को जोड़ने वाले गहरे सांस्कृतिक और लोगों के बीच के संबंधों का प्रतीक है। यह पीएम मोदी की उज्बेकिस्तान की चौथी यात्रा होगी। यात्रा के दौरान पीएम मोदी उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना है।

# मंडावर नगरपालिका चुनाव में नामांकन को लेकर बढ़ी सरगर्मी, एक ही दिन में 35 प्रत्याशियों ने भरे पर्चे

## 27 अगस्त को दाखिल हुए एक नामांकन के साथ अब तक कुल 36 नामांकन, वार्डों में चुनावी हलचल तेज

स्मार्ट हलचल



**मंडावर।** नगरपालिका चुनाव 2026 को लेकर मंडावर क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां लगातार तेज होती जा रही हैं। नामांकन प्रक्रिया के दौरान शनिवार को प्रत्याशियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

आज मंडावर नगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से कुल 35 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। इससे पहले 27 अगस्त को एक प्रत्याशी द्वारा नामांकन दाखिल किया गया था। इस तरह अब तक मंडावर नगरपालिका चुनाव के लिए कुल 36 नामांकन दाखिल हो चुके हैं। नामांकन दाखिल करने के लिए प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। कई प्रत्याशियों के साथ समर्थकों की भीड़ नजर आई, जिससे नगरपालिका क्षेत्र में चुनावी माहौल और अधिक गरमा गया। लंबे समय से चुनावी तैयारियों में जुटे दावेदारों ने अब औपचारिक रूप से मैदान में उतरने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। मंडावर नगरपालिका के विभिन्न वार्डों में इस बार चुनाव को लेकर दावेदारों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। राजनीतिक दलों से टिकट की उम्मीद लगाए बैठे नेताओं के साथ-साथ निर्दलीय रूप से चुनाव मैदान में उतरने वाले प्रत्याशी भी अपनी रणनीति बनाने में जुटे हैं। नामांकन दाखिल होने के बाद अब वार्डवार मुकाबले की तस्वीर धीरे-धीरे साफ होने लगी है।

### वार्डों में बढ़ने लगी चुनावी गतिविधियां

नामांकन के साथ ही प्रत्याशियों ने मतदाताओं से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। वार्डों में बैठकों, जनसंपर्क और समर्थकों के साथ रणनीति बनाने का दौर तेज हो गया है। प्रत्याशी अपने-अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। वहीं राजनीतिक दल भी मजबूत दावेदारों को लेकर मंथन कर रहे हैं।

आज 35 नामांकन दाखिल होने के बाद चुनावी मुकाबले को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। किस वार्ड में कितने प्रत्याशी मैदान में उतरेंगे और किन प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला होगा, इसकी तस्वीर नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद और स्पष्ट होगी।

### 36 नामांकन दाखिल, आगे और बढ़ सकती है संख्या

27 अगस्त को दाखिल हुए एक नामांकन और आज दाखिल हुए 35 नामांकन को मिलाकर मंडावर नगरपालिका चुनाव में अब तक 36 नामांकन पत्र दाखिल हो चुके हैं। नामांकन प्रक्रिया के शेष समय में और भी दावेदारों के मैदान में उतरने की संभावना है। इसके चलते अंतिम रूप से चुनावी मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों की संख्या बढ़ सकती है। नामांकन दाखिल होने के बाद अब प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों की नजर नामांकन पत्रों की जांच तथा आगे की चुनावी प्रक्रिया पर रहेगी। नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया के बाद प्रत्येक वार्ड में वास्तविक मुकाबले की तस्वीर सामने आएगी। मंडावर नगरपालिका चुनाव को लेकर जिस तरह से शुरुआती दौर में ही बड़ी संख्या में नामांकन दाखिल हुए हैं, उससे साफ है कि इस बार नगरपालिका चुनाव में मुकाबला रोचक और बहुकोणीय होने की संभावना है। आने वाले दिनों में चुनावी गतिविधियां और तेज होने के साथ वार्डवार राजनीतिक समीकरण भी लगातार बदलते नजर आ सकते हैं।

# चित्तौड़ विधानसभा क्षेत्र की बहनो ने विधायक आक्या को बांधी राखी

### क्षेत्र की बहनो के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारो के लिए सदैव उनके साथ खड़ा रहुंगा: आक्या

स्मार्ट हलचल



**ओम जैन शंभूपुरा। शंभूपुरा।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर शुक्रवार को बड़ी संख्या मे बहनो ने विधायक चंद्रभान सिंह आक्या को उनके कार्यालय पर राखी बांधी और भाई-बहन के स्नेह एवं विश्वास के पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर विधायक आक्या ने सभी बहनो के स्वस्थ और सुखी जीवन की कामना करते हुए कहा की रक्षाबंधन केवल राखी बांधने का पर्व नही है बल्कि भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास, सम्मान और जिम्मेदारी के रिश्तो को मजबूत करने का अवसर है। क्षेत्र की बहनो ने मुझे राखी बांधकर जो स्नेह ओर आर्शीवाद दिया है वह मेरे लिए अत्यंत सम्मान और भावनात्मक क्षण है। मैं बहनो को विश्वास दिलाता हु की क्षेत्र की बहनो के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारो के लिए सदेव उनके साथ खड़ा रहुंगा। विधायक आक्या ने कहा की बहन और बेटियो का सम्मान समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। भारत सरकार व राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ प्रत्येक पात्र महिला तक पहुंचाना तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। समाज और राष्ट्र के विकास मे महिलाओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाओ को आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराना तथा उनके सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# रक्षा बन्धन सिर्फ धागे का बन्धन ही नही है वरन भाई बहन के पारस्परिक स्नेह का बंधन है: प्रतिभा श्रीजी

स्मार्ट हलचल



**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा।सेंथी स्थित शान्ति भवन मे विराजित जैन सिद्धान्ताचार्य श्री प्रतिभा श्री जी ने चातुमार्सिक प्रवचन के दौरान रक्षा बन्धन के महत्व पर प्रकाश डाला। आपने प्रवचन में फरमाया कि यह भाई बहन का त्यौहार है जो आपसी स्नेह का प्रतीक है। आज के दिन भाई को बहन का व बहन को भाई का अभाव खटकता है। अतः वसुदैवकुटुम्बक की भावना रखे तो सभी बहनें माता तूल्य है। रक्षा बन्धन सिर्फ धागे का बन्धन ही नही है वरन भाई बहन के पारस्परिक स्नेह का बंधन है, आत्मा का बंधन है। रक्षा बन्धन अर्थात् अध्यात्मिक व सामाजिक बन्धन। आध्यात्मिक रूप से आत्मा से सम्बन्धित है जबकि सामाजिक रूप सामाजिक प्रेरणा देता है। सामाजिक रूप का प्रारम्भ किसी घटना से सम्बन्धित होता है और धीरे धीरे वह परम्परा का रूप ले लेता है। परम्परा मे समयानुसार नई नई बाते जुड़ती जाती है व उसका विस्तृत स्वरूप बन जाता है। जो त्योहार का स्वरूप ले लेता है। यह त्यौहार देश की संस्कृति को अनुप्रमाणित करता है।

शांतिभवन में परम पूज्य मेवाड़ भूषण गुरुदेव श्री प्रताप पाल जी महाराज साहब की पुण्य स्मृति दिवस एवं भाई बहन का पवित्र रिश्ता रक्षाबंधन का त्यौहार जैन दिवाकरीय श्रमण संघीय जैन सिद्धांताचार्य तपस्वी रत्ना मधुर गायिका साध्वी श्री प्रतिभा श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा 4 के पावन सानिध्य में मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद बहनों ने भाइयों के राखी बांधी तो भाई भी बहनों की रक्षा हेतु संकल्पित हुए। श्रीसंघ सेन्थी ने सभी का अभिनन्दन किया। नवकार जाप की श्रृंखला मे 30 अगस्त का जाप शीतल वेणी यश समिति द्वारा आयोजित होगा जिसमें अधिकाचिक संख्या मे पधारकर धर्म आराधना करने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संयोजन संघ के कोषाध्यक्ष रतन लाल संजेती ने किया।

# नगर परिषद चुनाव : नामांकन के लिए उमड़ा उत्साह, एक दिन में 117 पर्चे दाखिल

### 60 वार्डों में 109 अभ्यर्थियों ने जमा किए नामांकन, अब तक 119 नामांकन दाखिल; 31 अगस्त को आखिरी दिन

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगर परिषद ब्यावर आम चुनाव-2026 को लेकर नामांकन प्रक्रिया में शनिवार को अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। नगर परिषद के सभी 60 वार्डों के लिए शनिवार को 109 अभ्यर्थियों ने कुल 117 नाम निर्देशन पत्र जमा करवाए। इसके साथ ही नामांकन दाखिल करने वालों की कुल संख्या बढ़कर 119 हो गई है।

शनिवार को करीब 300 नाम निर्देशन पत्र वितरित किए गए। अब तक लगभग 800 नाम निर्देशन पत्र वितरित हो चुके हैं। वहीं चुनाव लड़ने के इच्छुक करीब 500 अभ्यर्थियों ने प्रतिभूति एवं निक्षेप राशि (अमानत राशि) जमा करवाई है। नामांकन केंद्रों पर दिनभर अभ्यर्थियों और उनके समर्थकों की आवाजाही बनी रही।

### 31 अगस्त को अंतिम अवसर

नगर परिषद के 60 वार्डों के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने का अंतिम दिन 31 अगस्त है। इस दिन सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित चार केंद्रों पर नामांकन पत्र लिए जाएंगे। वार्ड 1 से 15 के लिए पी.एम.श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, छावनी रोड के कमरा नंबर 37, वार्ड 16 से 30 के लिए नगर परिषद ब्यावर, वार्ड 31 से 45 के लिए उपखंड अधिकारी कार्यालय के सभागार (पुराना वीसी हॉल) तथा वार्ड 46 से 60 के लिए अम्बेडकर भवन को नामांकन केंद्र बनाया गया है।

### रविवार को हेल्प डेस्क से मिलेगी सहायता

रक्षाबंधन के कारण 28 अगस्त तथा रविवार के अवकाश के कारण 30 अगस्त को नामांकन पत्र जमा नहीं होंगे। हालांकि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए सभी नामांकन स्थलों पर संचालित हेल्प डेस्क रविवार को भी सुबह 10.30 बजे से उपलब्ध रहेगी। यहां अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन पत्र भरने में सहायता दी जाएगी।

### 1 सितंबर को जांच, 3 सितंबर तक नाम वापसी

नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 1 सितंबर को सुबह 11 बजे से उपखंड अधिकारी ब्यावर के सभागार में होगी। अभ्यर्थी 3 सितंबर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी का आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

# रक्षाबंधन के अवकाश में आपातकालीन ओपीडी में मरीजों से अभद्र व्यवहार का आरोप

### उप जिला अस्पताल बायतु में बढ़ी परेशानी

स्मार्ट हलचल



**बायतु ।** रक्षाबंधन के अवसर पर शुक्रवार को अवकाश होने के कारण मरीज उपचार एवं जांच के लिए उप जिला अस्पताल बायतु की आपातकालीन ओपीडी में पहुंच रहे हैं। इसी दौरान ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवनीत सारण पर मरीजों के साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगे हैं। मरीजों का आरोप है कि जांच एवं उपचार के लिए आपातकालीन ओपीडी में पहुंचने पर डॉ. नवनीत सारण ने उनसे कहा कि 'सुबह क्यों नहीं आए, सुबह अस्पताल में चार डॉक्टर थे, अब आप मेरे पास क्यों आ रहे हो?' मरीजों के अनुसार, डॉक्टर द्वारा यह भी कहा गया कि रक्षाबंधन का अवकाश है और आपातकालीन ओपीडी में क्यों आए हैं। मरीजों का कहना है कि यदि आपातकालीन ओपीडी अवकाश के दिन मरीजों के उपचार के लिए संचालित की जा रही है, तो वहां आने वाले मरीजों के साथ इस प्रकार का व्यवहार नहीं होना चाहिए। डॉक्टर के कथित व्यवहार के चलते मरीजों एवं उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मरीजों ने अस्पताल प्रशासन से मामले की जांच करवाने तथा आपातकालीन ओपीडी में आने वाले मरीजों के साथ उचित एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने की मांग की है।

### घाड़ में बाबा रामदेव जी का 15 दिवसीय भंडारा शुरू

# श्रद्धालुओं के लिए 24 घंटे चाय, नाश्ता और भोजन उपलब्ध

स्मार्ट हलचल



**अ घाड़ (देवली), टोंक** घाड़ कस्बे में लोक देवता श्री बाबा रामदेव जी महाराज के 15 दिवसीय विशाल भंडारे का शुभारंभ हो गया है। यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ शुरू हुआ है। यह धार्मिक अनुष्ठान भाद्रपद मास की दूज तक, यानी अगले 15 दिनों तक लगातार चलेगा।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भंडारे स्थल पर 24 घंटे चाय, नाश्ता, भोजन और ठंडे पानी की विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त, श्रद्धालुओं के लिए एक आकर्षक विशेष झांकी भी सजाई गई है, जो भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। भंडारे के दौरान प्रतिदिन विशेष भजन-कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहेगा। यह पारंपरिक भंडारा समस्त घाड़ कस्बे के ग्रामवासियों के संयुक्त सहयोग से संचालित किया जा रहा है। आयोजन की सुचारू व्यवस्था और विशेष जिम्मेदारी जगदीश हरिजन, महावीर देवतवाल, कन्हैयालाल देवतवाल, लादू लाल देवतवाल, भंवर लाल देवतवाल, दुर्गा लाल भाट, गोलू चावला, कमल सैनी और मदन सैनी को सौंपी गई है। ये सभी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। 15 दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान का समापन आगामी भाद्रपद की दूज के दिन विशेष कार्यक्रमों के साथ होगा। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से इस भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने और धर्मलाभ उठाने की अपील की है।

# ठेकेदारों से नेताओं और अधिकारियों की कमाई के लालच से भ्रष्टाचार का पर्याय बना कानपुर नगर निगम

स्मार्ट हलचल



कानपुर। यहां का नगर निगम भ्रष्टाचार का पर्याय बना हुआ है। जिसकी वजह है ठेकेदारों के माध्यम से नेताओं और अधिकारियों की कमाई का लालचद्य यह खेल करोड़ों रुपये के टेंडरों के माध्यम से चल रहा था, लेकिन रंग में भंग तब हो गया जब इस खेल की जानकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हो गई अधिकारियों के पेंच कस दिए। कुल मिलाकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बाद नगर निगम की ठेकेदारी व्यवस्था की परतें खुलने लगी हैं। जहां तक अब तक की गई कार्रवाई का सवाल है शुरुआती जांच में करीब 100 करोड़ रुपये से अधिक के टेंडर निरस्त किए जा चुके हैं। सात फर्मों को ब्लैकलिस्ट किया गया है और छह मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। दो ठेकेदार गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि पूरे सिंडिकेट का कथित सरगना गोविंद शर्मा फरार है। जांच में टेंडर हासिल करने के तरीके को लेकर भी चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं । पुलिस के मुताबिक, ठेकेदारों का एक सिंडिकेट सक्रिय था । आरोप है कि इसी सिंडिकेट के जरिए तय किया जाता था कि किस काम का टेंडर कौन डालेगा और किस फर्म को काम मिलेगा. कई मामलों में करीब 15 फीसदी कम रेट पर टेंडर डलवाने और फिर तय फर्म को काम दिलाने का खेल होने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार, कुछ ठेकेदारों पर दबाव बनाया जाता था और दूसरे लोगों को टेंडर प्रक्रिया से दूर रखने की कोशिश होती थी. जांच में लकी ड्रॉ के नाम पर टेंडर मैनेज किए जाने की बात भी सामने आई है। हालांकि इन आरोपों की पूरी सच्चाई एसआईटी की जांच के बाद ही साफ होगी। मामला सामने आने के बाद नगर निगम ने करीब 100 करोड़ रुपये के टेंडर निरस्त कर दिए हैं. विकास कार्यों से जुड़े भुगतान पर भी रोक लगाई गई है। नई फर्मों के पंजीकरण की प्रक्रिया पर भी रोक लगा दी गई है। इस दौरान पुलिस ने दिलीप बाजपेई, अजय इंटरप्राइजेज, पारसनाथ बिल्डर्स, कैला इंटरप्राइजेज, तिरुपति ट्रेडर्स और जगदंबा इंटरप्राइजेज समेत फर्मों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए हैं. जगदंबा इंटरप्राइजेज के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हुए हैं। एसआईटी अब सिर्फ ठेकेदारों तक सीमित नहीं है. नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका भी जांची जा रही है। टीम ने टेंडर, भुगतान, फर्म पंजीकरण और विकास कार्यों से जुड़ी फाइलें मांगी हैं। नगर निगम में अधिकारियों से पूछताछ कर यह जानने की कोशिश की जा रही है कि अगर टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी हो रही थी तो जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी क्यों नहीं हुई। इस सवाल के जवाब मेंअधिकारियों की भी मिली भगत मानी जा रही है।

# ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों के लिए ब्यावर पुलिस का 'ऑपरेशन स्माइल'

### 9 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों ने लिया कार्यशाला में हिस्सा, पुलिस अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश



स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** ट्रांसजेंडर समुदाय के व्यक्तियों को उनके अधिकारों एवं कानूनों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर ब्यावर पुलिस की ओर से 'ऑपरेशन स्माइल' के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यशाला में जिले के 9 ट्रांसजेंडर समुदाय के व्यक्तियों के साथ विभिन्न पुलिस थानों के मनोनीत अधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला का आयोजन पुलिस अधीक्षक जिला ब्यावर रतन सिंह आईपीएस के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया आरपीएस के सुपरविजन में महिला थाना अधिकारी विघा मीना द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ. अनुकृति उज्जैनिया ने ट्रांसजेंडर समुदाय के व्यक्तियों को उनके कानूनी अधिकारों, संरक्षण एवं संबंधित कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि समुदाय के लोगों की ओर से थाने पर प्रस्तुत की जाने वाली शिकायतों एवं समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाए तथा निष्पक्षता के साथ नियमानुसार त्वरित निस्तारण किया जाए। महिला थाना अधिकारी विघा मीना ने भी ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों एवं उनके लिए बनाए गए कानूनों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला के माध्यम से ट्रांसजेंडर समुदाय और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया।

# एकांत दृष्टि से बचकर अनेकांत को समझें, तभी बनेगी सम्यक श्रद्धा : मुनि विवर्धनसागर जी महाराज

## द्रव्यों में नहीं, मोह के कारण दिखाई देता है सुख-दुःख; आत्मसाधना से ही संसार भ्रमण का अंत संभव

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** रिद्धि-सिद्धि नगर, कुन्हाड़ी स्थित अतिशयकारी श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में 'विराग वर्धन वर्षायोग-2026' के अंतर्गत गणधर मुनि श्री 108 विवर्धनसागर जी महाराज ससंघ के चातुर्मासिक प्रवास के दौरान धर्मसभा आयोजित हुई।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए गणधर मुनि श्री 108 विवर्धनसागर जी महाराज ने द्रव्यसंग्रह की गाथा क्रमांक 11 की व्याख्या करते हुए कहा कि प्रत्येक सम्प्रदाय ने अपने मत की पुष्टि के लिए एकांत दृष्टि को अपनाया और अनेकांत को स्वीकार नहीं किया, जिससे मिथ्या मान्यताएं उत्पन्न हुईं। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी मत को अपेक्षा दृष्टि से समझा जाए तो वही बात सम्यक रूप में ग्रहण की जा सकती है। इसलिए सत्य को व्यापक और अनेकांत दृष्टि से समझना आवश्यक है।

मुनिश्री ने कहा कि इस संसार में विभिन्न प्रकार के अनंत जीव पाए जाते हैं। आधुनिक विज्ञान भी समय के साथ जीवों के संबंध में नई जानकारियों तक पहुंचा है। वैज्ञानिक जगदीशचंद्र बसु ने अपने प्रयोगों के माध्यम से वनस्पतियों में संवेदनशीलता का प्रतिपादन किया। जैन दर्शन के अनुसार पृथ्वीकाय, जलकाय, अग्निकाय, वायुकाय और वनस्पतिकाय जीव स्थावर जीवों की श्रेणी में आते हैं। इन्हें एकेंद्रिय जीव कहा जाता है, क्योंकि इनमें केवल स्पर्शन इंद्रिय होती है।

मुनिश्री ने कहा कि संसार के दुःखों से मुक्ति पाने के लिए वास्तविक सुख को समझना आवश्यक है। घर, गाड़ी, आभूषण, पुत्र-पत्नी और अन्य भौतिक वस्तुओं में वास्तविक सुख नहीं होता। मोह के कारण मनुष्य इन वस्तुओं में सुख की कल्पना करता है। वास्तव में वस्तुओं में न तो सुख होता है और न ही दुःख। अपने मोह और कर्मों के कारण जीव स्वयं को सुखी या दुःखी अनुभव करता है। आत्मस्वरूप को पहचानकर और कर्मबंधनों से मुक्त होकर जीव शुद्ध एवं मुक्त अवस्था को प्राप्त कर सकता है। मंदिर अध्यक्ष राजेंद्र गोधा और पंकज खटोड़ ने बताया कि धर्मसभा के अवसर पर मुनिश्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य प्रवीण कुमार, राजकुमार बाकलीवाल परिवार, माइलस्टोन कोटा, सुरेंद्र कुमार लाम्बाबास परिवार तथा गोठड़ा परिवार को प्राप्त हुआ। धर्मसभा में पूर्व न्यायाधीश जैनेंद्र जैन, महावीर बड़ला, मनोज मित्तल, आशीष ठोला, विजय सेठी, संदीप बंसल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाजजन उपस्थित रहे।

### राजस्थान में 2 दिन बाद तेज बारिश की चेतावनी

# लगातार दूसरे दिन सूखा रहा मानसून, अगस्त अंत में भी पारा 40 डिग्री के ऊपर

स्मार्ट हलचल

**जयपुर** राजस्थान में शनिवार को लगातार दूसरा दिन रहा, जब मानसून सूखा रहा। बारिश नहीं होने से प्रदेश के सभी शहरों में आसमान साफ रहा।
श्रीगंगानगर में तापमान 40 डिग्री के ऊपर रिकॉर्ड हुआ। वहीं, अलवर, टोंक, जोधपुर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं में अधिकतम तापमान 35 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों ने बताया- राज्य में अगले तीन दिन मौसम साफ रहेगा। 2 सितंबर से राज्य में एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होने की संभावना है, जिसके असर से पूर्वी राजस्थान में बारिश की गतिविधियां फिर से शुरू होगी। 2 सितंबर को 10 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मानसून की एक्टिविटी रुकी हुई है: मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- मानसून ट्रफ इस समय अमृतसर, मुजफ्फरनगर, शाहजहांपुर, बस्ती, पटना होते हुए बंगाल की खाड़ी तक गुजर रही है। इसके चलते राजस्थान में बारिश की गतिविधियां अभी रूकी हुई है। अब आगे क्या?:मौसम केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले 3 दिन मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान जारी किया है। राज्य में 2 सितंबर से मानसून एक बार फिर एक्टिव होने की संभावना है।

# हाईकोर्ट के आदेश पर घाड़ में आज 30 अगस्त को हटेगा अवैध अतिक्रमण,

## प्रशासन ने तैयार की राजस्व टीम-कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए 70 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

स्मार्ट हलचल



**टोंक/दूनी।** देवली उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत घाड़ में गैर-मुमकिन पहाड़ सिवायचक भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आज 30 अगस्त को की जाएगी। यह कार्रवाई राजस्थान हाईकोर्ट के 6 अगस्त 2026 के निर्णय के अनुपालन में की जा रही है। संबंधित मामला डी.बी. सिविल रिट याचिका संख्या 19408/2025 (विजय कुमार पहाड़िया बनाम राज्य सरकार व अन्य) से जुड़ा बताया गया है। पटवारी हल्का घाड़ की रिपोर्ट के अनुसार ग्राम घाड़ के खसरा नंबर 1555, जिसका क्षेत्रफल 6.90 हेक्टेयर है और जो गैर-मुमकिन पहाड़ सिवायचक भूमि है, पर कुल 25 व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण किया गया है। इन सभी अतिक्रमणकारियों को पूर्व में नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

### 8 सदस्यीय राजस्व टीम गठित

कार्रवाई के लिए तहसीलदार दूनी द्वारा मजिस्ट्रेट अजय कुमार पांडेय की उपस्थिति में राजस्व टीम गठित की गई है। टीम में सूरज मल, भू-अ.नि. दूनी (अतिरिक्त प्रभार घाड़), जसवंत सिंह भू-अ.नि. देवड़ावास, बाबूलाल मीणा भू-अ.आंवा, प्रियंका मीणा पटवारी घाड़, बेनीप्रसाद नागर पटवारी बड़ौली, बुद्धिप्रकाश मीणा पटवारी चांदसिंहपुरा, योगेंद्र योगी पटवारी देवड़ावास और भंवर सिंह पटवारी शामिल हैं।

### 70 पुलिसकर्मियों की रहेगी तैनाती

कार्रवाई के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 50 पुरुष और 20 महिला कांस्टेबल सहित कुल 70 पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। पुलिस उपाधीक्षक वृत्त देवली एवं थानाधिकारी घाड़ को कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, खंड विकास अधिकारी पंचायत समिति देवली एवं ग्राम पंचायत प्रशासक घाड़ को 4-5 जेसीबी मशीनों सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। गठित टीम को ग्राम पंचायत प्रशासन घाड एवं पुलिस थाना घाड़ से समन्वय स्थापित कर राजस्व रिकॉर्ड के साथ मौके पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### 25 अगस्त की जगह अब 30 अगस्त को कार्रवाई

गौरतलब है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए पहले 25 अगस्त की तारीख निर्धारित की गई थी। प्रशासनिक कारणों के चलते कार्रवाई की तारीख में बदलाव करते हुए अब 30 अगस्त निर्धारित की गई है।

# भवानी मंडी नगर निकाय चुनाव के फॉर्म भरने के आज तीसरे दिन 53 आवेदन हुए कल 55 आवेदन प्राप्त.

स्मार्ट हलचल

**रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी** भवानी मंडी नगर निकाय चुनाव में आज फॉर्म भरने के तीसरे दिन कल 53 आवेदन प्राप्त हुए 27 अगस्त के दो आवेदन सहित फुल टोटल 55 आवेदन प्राप्त हुए हैं. उपखंड कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार नगर निकाय चुनाव में पार्षद पद हेतु

**दिनांक 27-08-2026**

1. वार्ड 02 - शीतल कुमार जैन पिता बीरदी चंद जैन, जाति जैन, B-54 अनंत विहार कॉलोनी भवानीमंडी, INC
2. वार्ड 21 - धर्मचंद पिता मानमल, जाति जैन, जैन भाई कॉलोनी ज्ञान मंदिर रोड भवानीमंडी, INC

**दिनांक 29 अगस्त**

1. वार्ड 03 - हुलास बाई पति श्री मुकेश कुमार, जाति मेहर, दस खोली छोटा नाला भवानीमंडी, INC
2. वार्ड 03 - पूजा कुमारी पति विक्की, जाति बैरवा, मिल कॉलोनी के सामने पचपहाड़ रोड भवानीमंडी, INC
3. वार्ड 25 - जानकी बाई पति नारायण लाल, जाति मीणा, श्रीराम कॉलोनी भवानीमंडी, BJP
4. वार्ड 31 - राकेश पिता कैलाश चंद, जाति दर्जी, नई आबादी एकता नगर भवानीमंडी, INC
5. वार्ड 28 - अफसाना भिश्ती पति श्री सलीम भाई, जाति मुस्लिम, गरीब नवाज कॉलोनी भवानीमंडी, BJP
6. वार्ड 05 - चेतन कुमार पिता बालकिशन, जाति मेघवाल, नरसिंहपुरा मोहल्ला आरा मशीन के पास पचपहाड़, BJP
7. वार्ड 12 - असलम पिता उबारिक, जाति जुलाहा (मुस्लिम), पचपहाड़, INC
8. वार्ड 27 - सिराज बी पिता शाहबुद्दीन, जाति



फकीर, 63 ड्रीम सिटी रामनगर भवानीमंडी, INC

9. वार्ड 08 - कृष्णा कुमारी पति पुरुषोत्तम, जाति जाटव, अंजुमन के सामने वार्ड नं 8 पचपहाड़, BJP
10. वार्ड 15 - माया बाई पति श्री हुकम चंद, जाति मेघवाल, शमशान रोड पचपहाड़, BJP
11. वार्ड 17 - पवन मेघवाल पिता हीरालाल मेघवाल, जाति मेघवाल, रामदेव जी के मंदिर के पास वार्ड नं 17 भवानीमंडी, INC
12. वार्ड 09 - संजू कुमार पिता श्री मथुरा लाल, जाति माली, मालियों का मोहल्ला वार्ड नं 04 पचपहाड़, निर्दलीय
13. वार्ड 31 - तनुश्री पति श्री राकेश, जाति दर्जी, नई आबादी एकता नगर भवानीमंडी, INC
14. वार्ड 11 - श्रीमती शकीला बी पति सैयद हुसैन, जाति फकीर, पचपहाड़ - INC
15. वार्ड 29 - मोहम्मद अनीस पिता मोहम्मद हुसैन, जाति लखारा, मदरसे के सामने गरीब नवाज कॉलोनी भवानीमंडी, BJP
16. वार्ड 04 - विजय कुमार पिता रमेशचंद, जाति बैरवा, आर.टी.एम. बस्ती के सामने भवानीमंडी, INC
17. वार्ड 14 - कालूराम पिता रमेशचंद, जाति तेली, तालाब की पाल पचपहाड INC
18. वार्ड 27 - वीणा मेहरा पिता भरत मेहरा, जाति मेहरा, गौतम नगर भवानीमंडी, INC
19. वार्ड 15 - श्रीमती दुर्गा बाई पति भैरूलाल, जाति मेघवाल, चंद्रा कॉलोनी पचपहाड़, INC
20. वार्ड 07 - प्रताप सिंह पिता मोती सिंह, जाति सौंधिया, कुम्हार मोहल्ला पचपहाड़, INC
21. वार्ड 26 - श्री कमल शर्मा पिता श्री धनराज, जाति ब्राह्मण, राधे गोविंद धाम राम नगर INC
22. वार्ड 29 - अख्तर अली तैफरिया पिता निसार अली, जाति फकीर, धर्मशाला के सामने वाली गली वार्ड नं 29 भवानीमंडी - INC
23. वार्ड 12 - श्रीमती शहनाज बी पति एजाज अली, जाति नीलगर, बलाई मोहल्ला पचपहाड़, BJP
24. वार्ड 25 - श्रीमती शांति देवी पति देव कुमार, जाति मीणा, टगर मोहल्ला भवानीमंडी, INC
25. वार्ड 25 - श्रीमती शांति देवी पति देव कुमार, जाति मीणा, टगर मोहल्ला भवानीमंडी, निर्दलीय
26. वार्ड 23 - कैलाश पिता अंतरराम, जाति गोसाई, मंडी रोड भवानीमंडी INC
27. वार्ड 32 - अरुण तंवर पिता अमीर चंद, जाति मेहतर, हरिजन मोहल्ला मेला मैदान भवानीमंडी, INC
28. वार्ड 32 - अमीर चंद पिता चुन्नी लाल, जाति मेहतर, हरिजन मोहल्ला मेला मैदान भवानीमंडी, INC
29. वार्ड 13 - श्रीमती शबाना बी पति शाहबुद्दीन, जाति जुलाहा, तालाब की पाल अंजुमन रोड पचपहाड़, BJP
30. वार्ड 03 - श्रीमती गरिमा मेहर पिता शांतिलाल, जाति मेहर, दस खोली रामदयाल भवानीमंडी, INC
31. वार्ड 11 - श्रीमती अनिता पति लोकेश, जाति तेली, फूल सदन गली पचपहाड़ BJP
32. वार्ड 05 - कैलाश पिता भंवर लाल, जाति मेघवाल, माली मोहल्ला पचपहाड़ INC
33. वार्ड 06 - श्रीमती श्यामा बाई पति भवानीशंकर, जाति मेघवाल, देवाती मोहल्ला पचपहाड़ INC
34. वार्ड 01 - अमित कुमार पिता नवीन कुमार, जाति ब्राह्मण, उस्मानगनी मोटर गैरेज के पास भवानीमंडी INC
35. वार्ड 14 - राम गोपाल पिता लक्ष्मी चंद, जाति पाटीदार, मेन रोड पचपहाड INC
36. वार्ड 14 - संजय कुमार पिता गोवर्धन लाल, जाति कलाल, मेन रोड दरवाजे के पास पचपहाड़, BJP
37. वार्ड 12 - रफीक हुसैन पिता अब्दुल लतीफ, जाति मुसलमान, फूल सदन के पीछे पचपहाड़, INC
38. वार्ड 37 - पवन कुमार पिता जगन्नाथ, जाति सोनी, बालाजी मंदिर की गली भवानीमंडी INC
39. वार्ड 12 - श्री कलामुद्दीन पिता हनीफुद्दीन, जाति मुसलमान, 70 माताजी के मंदिर रोड वार्ड नं 11 पचपहाड़ - निर्दलीय
40. वार्ड 13 - श्रीमती नरगिस बी पिता आशिक मोहम्मद, जाति मुसलमान, 75 कसाई मोहल्ला वार्ड नं 7 पचपहाड़, निर्दलीय
41. वार्ड 24 - दुर्गाशंकर पिता लक्ष्मण, जाति जाटव, नाव के पास रामनगर भवानीमंडी, BJP
42. वार्ड 32 - विनय कुमार पिता मोहनलाल, जाति तेली, एच.पी. पेट्रोल पंप के सामने भवानीमंडी INC
43. वार्ड 22 - उमेश मीणा पिता गोपी, जाति मीणा, सरकारी कुएं से मंडी रोड भवानीमंडी, BJP
44. वार्ड 31 - मोहम्मद शफी पिता मोहम्मद यूनुस, जाति मुसलमान, 126 वार्ड नं 29 धर्मशाला के सामने वाली गली भवानीमंडी, निर्दलीय
45. वार्ड 18 - प्रफुल्ल कुमार पिता बद्रीलाल, जाति ब्राह्मण, वार्ड नं 18 जवाहर कॉलोनी भवानीमंडी, INC
46. वार्ड 18 - श्रीमती भूमिका शर्मा पिता प्रफुल्ल, जाति ब्राह्मण, वार्ड नं 18 जवाहर कॉलोनी भवानीमंडी, INC
47. वार्ड 31 - अल्फेज पिता आलम, जाति मुसलमान, एकता नगर भवानीमंडी, BJP
48. वार्ड 36 - राकेश पिता हरी राम, जाति कलाल, पटवार घर के पीछे भवानीमंडी, BJP
49. वार्ड 21 - राजकुमार पिता जगदीश चंद, जाति महाजन, अस्पताल चौराहा भवानीमंडी, BJP
50. वार्ड 06 - श्रीमती धापूबाई पति शंकरलाल, जाति मेघवाल, देवाती मोहल्ला पचपहाड़, BJP
51. वार्ड 38 - आनंद कुमार काला पिता राधेश्याम काला, जाति पोरवाल, 37 वार्ड नं 38 जैन बोर्डिंग बालाजी चौराहा भवानीमंडी, INC
52. वार्ड 17 - राजेश पिता प्रहलाद, जाति मेघवाल, पचपहाड़ रोड आरटीएम के पीछे रामथी भवानीमंडी, INC
53. वार्ड 22 - वरुण मीणा पिता देव कुमार मीणा, जाति मीणा, टगर मोहल्ला भवानीमंडी, INC
54. वार्ड 05 - दिलीप पिता रतन लाल, जाति बैरवा, नरसिंहपुरा नई आबादी पचपहाड़, INC
55. वार्ड 09 - अक्षय जैन पिता कैलाश चंद, जाति जैन, 71 गरोठ मार्ग नरसिंहपुरा पचपहाड़, INC

**कुल 55 आवेदन प्राप्त हुए**

## देवली तहसीलदार कार्यालय के बरामदे की छत का प्लास्टर गिरा,

# चुनाव कार्य के दौरान हादसा-कर्मचारी और आवेदक बाल-बाल बचे; परिचय काउंटर दूसरी जगह शिफ्ट

स्मार्ट हलचल

**टोंक/देवली।** तहसीलदार कार्यालय देवली के पुराने भवन में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बरामदे की छत का प्लास्टर अचानक टूटकर नीचे गिर गया। हादसे के वक्त कार्यालय परिसर में बड़ी संख्या में कर्मचारी और आमजन मौजूद थे। गनीमत रही कि प्लास्टर गिरने से कोई व्यक्ति चोटिल नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार जिस स्थान पर प्लास्टर गिरा, वहीं नगर निकाय चुनाव के लिए परिचय काउंटर बनाया गया था। नामांकन पत्रों की जांच सहित चुनाव संबंधी कार्य के लिए करीब एक दर्जन कर्मचारी वहां जुटे हुए थे। चुनाव के लिए आवेदन करने वाले लोग भी कार्यालय परिसर में मौजूद थे।



### प्लास्टर गिरते ही मची अफरा-तफरी

प्लास्टर अचानक गिरने के बाद कर्मचारियों ने तत्काल सावधानी बरतते हुए अपनी टेबल और अन्य सामान को सुरक्षित स्थान पर कर दिया। इसके बाद परिचय काउंटर को भी दूसरी सुरक्षित जगह पर स्थानांतरित कर दिया गया। तहसील कार्यालय का भवन काफी पुराना बताया जा रहा है। भवन की दीवारों में कई स्थानों पर दरारें हैं और छत का प्लास्टर भी जगह-जगह से उखड़ रहा है। शनिवार सुबह बरामदे की छत का एक हिस्सा अचानक टूटकर नीचे आ गिरा।



### पुराने भवन में सुरक्षा पर उठे सवाल

तहसील कार्यालय भवन में लगातार प्लास्टर उखड़ने और दीवारों में दरारें आने से यहां आने वाले कर्मचारियों और आम लोगों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि शनिवार को प्लास्टर गिरने के दौरान कोई व्यक्ति उसकी चपेट में नहीं आया, लेकिन भविष्य में बड़ा हादसा होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन से मांग है कि पुराने भवन का तत्काल निरीक्षण करवाकर जर्जर हिस्सों की मरम्मत कराई जाए, ताकि कर्मचारियों और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# क्रीड़ा भारती भीलवाड़ा महानगर : राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन

## फुटबॉल और नेटबॉल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, दिग्गज खेल प्रेमियों ने बढ़ाया उत्साह.

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा:-** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में क्रीड़ा भारती भीलवाड़ा महानगर द्वारा स्थानीय खेल मैदान पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल भावना को जागृत करना और खेल प्रतिभाओं को एक बेहतरीन मंच प्रदान करना था। प्रतियोगिता के दौरान भीलवाड़ा के युवा खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह और प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।अनुभवी कोचों के मार्गदर्शन में चमके फुटबॉल खिलाड़ीप्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण फुटबॉल मैच रहे, जहाँ खिलाड़ियों ने मैदान पर अपनी तकनीक और रफ्तार से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। फुटबॉल स्पर्धाओं का सफल संचालन और




मैचों का आयोजन वरिष्ठ फुटबॉल कोच मिथलेश कुमार एवं महेश जी भट्ट के कुशल नेतृत्व व तकनीकी निर्देशन में किया गया। दोनों कोचों की रणनीति और मार्गदर्शन के चलते खिलाड़ियों ने अनुशासित और आक्रामक खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।नेटबॉल में दिखा रोमांच, अतिथियों ने की सराहनाफुटबॉल के साथ-साथ नेटबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें टीम वर्क और फुर्ती का बेहतरीन तालमेल देखने को मिला। खेल को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता और खेल प्रेमी राजेंद्र काबरा, विश्वजीत सिंह और लक्ष्मी लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि भीलवाड़ा में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है।आयोजन समिति ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिकाइस भव्य खेल महोत्सव को सफल बनाने में क्रीड़ा भारती की आयोजन समिति और तकनीकी टीम का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता के सफल संचालन, रेफरी और व्यवस्थाओं की कमान दीपक, अर्जुन, निर्मल, सुनील जी जानकरिया, और अभिषेक ने संभाली। इन सभी कार्यकर्ताओं और खेल विशेषज्ञों की सक्रिय भागीदारी के चलते सभी मैच बिना किसी बाधा के अत्यंत अनुशासित माहौल में संपन्न हुए।क्रीड़ा भारती भीलवाड़ा महानगर के पदाधिकारियों ने अंत में सभी अतिथियों, कोचों और खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन समिति ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी भीलवाड़ा की छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए इस तरह के जिला और महानगर स्तरीय आयोजन निरंतर जारी रहेंगे।

## 17 सदस्यों को 1.22 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत

# ओटीएस योजना का उठाएं लाभ, 30 सितंबर तक अंतिम अवसर – राजेश कृष्ण बिरला

## कोटा नागरिक सहकारी बैंक की बैठक में 21 बिंदुओं के एजेंडे पर मंथन

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** कोटा नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, कोटा की संचालक मंडल एवं ऋण समिति की बैठक रावतभाटा रोड स्थित बैंक के प्रधान कार्यालय में अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बैंक की वित्तीय स्थिति, ऋण वितरण, एनपीए वसूली, ओटीएस योजना सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की जानकारी देते हुए प्रबंध संचालक बीना बैरवा ने बताया कि बैठक में सीआरआर एवं एसएलआर की अनुपालना, ओटीएस योजना, वित्तीय विवरण एवं एलएफएआर रिपोर्ट के अनुमोदन, जमाओं की समीक्षा, एनपीए वसूली, ग्राहक सेवा, बैंक के तलपट एवं आय-व्यय की समीक्षा, सुरक्षा व्यवस्था, इंटर-ब्रांच एवं बैंक रीकन्सिलिएशन तथा प्रतिभूति निवेश सहित कुल 22 बिंदुओं के एजेंडे पर विचार-विमर्श कर आवश्यक अनुमोदन किए गए।

बैठक में अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने बताया कि एकमुश्त ऋण समाधान योजना-2025 (संशोधित) के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने ऋण खाताधारकों से अपील करते हुए कहा कि ओटीएस योजना के तहत 30 सितंबर तक अंतिम अवसर है, इसलिए पात्र खाताधारक इसका लाभ उठाएं। अध्यक्ष बिरला ने एनपीए वसूली को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए तथा वसूली कार्य को और प्रभावी बनाने के लिए टीम बनाकर कार्य करने की बात कही। बैठक में जून 2026 तक की बैंक की वित्तीय स्थिति की समीक्षा भी की गई। बैंक की कुल जमाएं 824.14 करोड़ रुपये रही, जबकि ऋण वितरण 296.65 करोड़ रुपये से अधिक रहा। वहीं 17 सदस्यों को 1.22 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत एवं वितरित किए गए। बैठक में उपाध्यक्ष हेमराज सिंह हाड़ा, बोर्ड संचालक महेंद्र कुमार शर्मा, सुरेश चंद्र काबरा, शैलेन्द्र ऋषि, महावीर सुवालका, अशोक मीणा, नंदलाल प्रजापति, तनिषा बादल, सहवर्तित संचालक नवनीत जाजू, प्रेम भाटिया सहित बीओएम अध्यक्ष ओम माहेश्वरी, जगदीश जिंदल, महेश अजमेरा तथा सदस्य सुरेंद्र गोयल विचित्र एवं राजेंद्र कुमार जैन उपस्थित रहे।

# जोबनेर थानाधिकारी मोती लाल शर्मा ने युवाओं को बताए साइबर फ्रॉड से बचाव के तरीके

## सोशल मीडिया पर दोस्ती से सावधान, साइबर ठगी से बचने युवाओं को किया जागरूक

स्मार्ट हलचल

**अ जोबनेर-** सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल के बीच साइबर ठगी और ऑनलाइन अपराधों से बचाव को लेकर जोबनेर पुलिस ने युवाओं को जागरूक किया। जोबनेर थानाधिकारी मोती लाल शर्मा एवं उपनिरीक्षक ने युवाओं से संवाद करते हुए साइबर फ्रॉड के विभिन्न तरीकों और उनसे बचने के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म प अनजान लोगों से होने वाली दोस्ती और बातचीत कई बार साइबर ठगी, ब्लैकमेलिंग और अन्य आपराधिक घटनाओं का कारण बन स्कती है।ऐसे में किसी अनजान व्यक्ति पर जल्द



भरोसा नहीं करें और निजी जानकारी, फोटो, बैंक संबंधी विवरण, ओटीपी, पासवर्ड अथवा अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करें। युवाओं को राजकॉप पुलिस ऐप सहित पुलिस की ऑनलाइन सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी संदिग्ध लिंक, खाते या व्यक्ति से सावधान रहें तथा किसी प्रकार की ठगी या संदिग्ध गतिविधि सामने आने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस ने कहा कि साइबर अपराध होने पर पीड़ित घबराएं नहीं और घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें। राजस्थान पुलिस की आधिकारिक जानकारी के अनुसार साइबर अपराध के लिए 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत की जा सकती है। इसके अलावा साइबर अपराध की शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से भी दर्ज की जा सकती है। थानाधिकारी मोती लाल शर्मा ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि साइबर अपराध के प्रति जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना देने में देरी नहीं करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस हर संभव सहयोग करेगी तथा कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने युवाओं से कहा कि सतर्क रहें, सुरक्षित रहें और साइबर अपराध की जानकारी होने पर चुप न रहें। समय पर दी गई सूचना से ठगी की रकम को रोकने और अपराधियों तक पहुंचने में पुलिस को मदद मिल सकती है।

## नगर निकाय - 2026

# नगर निगम और 5 पालिकाओं में शनिवार को 93 नामांकन

### नगर निगम उदयपुर में 33, वल्लभनगर में आए 38 नामांकन

**उदयपुर, ।** नगर निकाय चुनाव 2026 के तहत नामांकन प्रक्रिया जारी है। चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों में खासा उत्साह है। नामांकन प्रक्रिया के तहत शनिवार को जिले की एक नगर निगम और 5 नगरपालिकाओं में कुल 86 उम्मीदवारों ने 93 नामांकन पत्र दाखिल किए। अब तक जिले में कुल 93 उम्मीदवार 100 नामांकन दाखिल कर चुके हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार गत 27 अगस्त को अधिसूचना जारी होने के साथ ही जिले के सभी नगर निकायों में नामांकन प्रक्रिया चल रही है। 80 वार्डों वाली उदयपुर नगर निगम में शनिवार को 27 उम्मीदवारों ने 33 पर्चे दाखिल किए। इसके साथ ही नगर निगम में अब तक कुल 29 उम्मीदवारों की ओर से 35 पर्चे भरे गए हैं। वहीं भीण्डर में 6 उम्मीदवारों ने 6 नामांकन पत्र जमा कराए। वल्लभनगर नगरपालिका में 38 उम्मीदवारों ने 38 पर्चे दाखिल किए। मावली में 11 उम्मीदवारों ने 11, फतहनगर सनवाड़ में 4 उम्मीदवारों ने 5 नाम निर्देशन पत्र जमा कराए। इस प्रकार भीण्डर में अब तक कुल 8, वल्लभनगर में 40, फतहनगर में 6 और मावली में 11 नाम निर्देशन पत्र जमा हुए हैं। कानोड़ में अब तक किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र नहीं जमा कराया है।

### सोमवार को अंतिम दिन

नगर निकाय चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 अगस्त को अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। इस बीच 30 अगस्त को रविवारिय अवकाश होने से नामांकन पत्र जमा नहीं होंगे। ऐसे में अब उम्मीदवारों के पास 31 अगस्त सोमवार को नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर रहेगा।

# आप ने 9 प्रत्याशियों को सौंपे पार्टी सिंबल, 31 अगस्त को एक साथ भरेंगे नामांकन

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगर परिषद चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को प्रदेश चुनाव सह प्रभारी सतपाल कैम एवं जिला चुनाव सह प्रभारी मीना त्यागी ब्यावर पहुंचे और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी की पहली सूची में शामिल सभी 9 प्रत्याशियों को अधिकृत पार्टी सिंबल प्रदान किए गए। प्रदेश चुनाव सह प्रभारी सतपाल




कैम ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए घर-घर जाकर आम आदमी पार्टी और झाड़ू के संदेश को पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी पूरी मजबूती के साथ नगर परिषद चुनाव मैदान में उतर रही है। कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर ब्यावर में मजबूत जनसमर्थन हासिल करने का लक्ष्य है। पहली सूची में वार्ड 59 से मो. शोकत, वार्ड 34 से एडवोकेट दलपत सिंह राठौड़, वार्ड 30 से एडवोकेट प्रकाश परिहार, वार्ड 37 से एडवोकेट वरुण सांगेला, वार्ड 12 से मस्तान खान, वार्ड 42 से विनोद गर्ग, वार्ड 41 से राधाकिशन साहू, वार्ड 50 से रब्बा बानो तथा वार्ड 18 से रूबिना कुरैशी को प्रत्याशी बनाया गया है। जिला चुनाव प्रभारी मीना त्यागी ने सभी प्रत्याशियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ जनता के बीच पहुंचकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को रखने का आह्वान किया। प्रदेश चुनाव समिति सदस्य एवं जिला चुनाव सह प्रभारी एडवोकेट नीलेश बुरड़ तथा जिलाध्यक्ष शौकीन काठात ने बताया कि 31 अगस्त को आम आदमी पार्टी के सभी प्रत्याशी एक साथ नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने चांग गेट स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह और जोश नजर आया।

**संक्षिप्त समाचार**

## चीन के सिचुआन प्रांत में लगे भूकंप के झटके

**बीजिंग, एजेंसी।** भूकंप के झटके बाद नेपाल में फ्लड फ्लैश से मची तबाही के बीच चीन में भूकंप के तेज झटके महसूस हुए हैं। चीन के सिचुआन प्रांत स्थित लोंगचांग शहर शुक्रवार को 5.1 तीव्रता का जोरदार भूकंप महसूस किया गया है। भूकंप के तेज झटकों से लोगों में दहशत फैल गई। चाइना अर्थक्केक नेटवर्क्स सेंटर ने भूकंप की पुष्टि करते हुए बताया कि लॉन्गचांग शहर में 5.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। भूकंप का केंद्र लॉन्गचांग शहर बताया जा रहा है। भूकंप के झटके दर्ज किए जाने के बाद स्थानीय प्रशासन अलर्ट मोड पर है और प्रभावित इलाकों में स्थिति पर नजर रखी जा रही है। बता दें कि चीन में भूकंप की खबर ऐसे समय में आई है, जब पड़ोसी देश नेपाल पहले से ही बाढ़ और भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा है। ज्ञात हो कि चीन के सिचुआन प्रांत में पहले भी कई बार भूकंप आ चुके हैं, इसलिए यहां लोग भूकंप को लेकर हमेशा सतर्क रहते हैं। शुक्रवार को लगे भूकंप के झटके से फिलहाल किसी तरह के नुकसान या जनहानि को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## पहली विदेश यात्रा पर भारत आएंगे पीएम बालेन शाह, नेपाली वित्त मंत्री का बड़ा एलान

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के वित्त मंत्री स्वर्णिम वागले ने गुरुवार को बताया कि पदभार संभालने के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह अपनी पहली विदेश यात्रा भारत की करेंगे। हालांकि, वागले ने अभी तारीख नहीं बताई, लेकिन वाग्ले ने संकेत दिया है कि अगर सब कुछ तय कार्यक्रम के मुताबिक रहा तो शाह इस साल के अंत से पहले भारत आ सकते हैं। इस दौरान दौरान स्वर्णिम वागले ने नेपाल की अर्थव्यवस्था को 100 अरब डॉलर तक ले जाने के लक्ष्य, भारतीय और नेपाली रुपये की विनिमय दर, हालिया बाढ़ राहत कार्यों और प्रधानमंत्री बालेन शाह की कार्यशैली पर भी विस्तार से चर्चा की। वागले ने कहा, पदभार ग्रहण करने के बाद बालेन का पूरा ध्यान घरेलू मुद्दों पर ही केंद्रित था। हमारे शुरुआती 100 दिन 100 सूत्री एजेंडे पर केंद्रित रहे, जिसमें हमने खुद को 87.2 प्रतिशत अंक दिए हैं। उन्होंने आगे कहा, इसके बाद हमने प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं पर चर्चा शुरू की। मुझे पूरा विश्वास है कि उनकी पहली विदेश यात्रा भारत की ही होगी। हालांकि, तारीखों पर अभी फैसला होना बाकी है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि यह दौरा इसी साल के अंत से पहले होगा। कार्यक्रम में मौजूद भारत की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रविशंकर प्रसाद ने इस घोषणा को बेहद महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, नेपाल और भारत के संबंधों की नींव इतनी मजबूत है कि इन्हें पासपोर्ट या सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता। अगर आज वागले ने यह स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री बालेन शाह की पहली विदेश यात्रा भारत की होगी, तो यह दर्शाता है कि भविष्य में दोनों देशों के रिश्ते किस सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेंगे। यह सचमुच एक महत्वपूर्ण संदेश है। गौरतलब नेपाल में इसी साल मार्च महीने में हुए आम चुनाव में बालेन शाह के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने भारी जीत हासिल की। जिसके बाद बालेन शाह ने 27 मार्च 2026 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

## कनाडा को चिढ़ाने के चक्कर में फिर ट्रोल हुआ व्हाइट हाउस, उल्टा पड़ा बाज और हंस की फोटो का दांव

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और कनाडा के बीच चल रहे कूटनीतिक और व्यापारिक तनाव के बीच कनाडा को नीचा दिखाने के लिए एक बाज द्वारा कनाडाई हंस को दबोचने की फोटो पोस्ट की, जिसमें एक अमेरिकी बाज (गंजा बाज) कनाडाई हंस को दबोचे हुए दिख रहा है। व्हाइट हाउस ने इसे अमेरिकी ताकत का प्रतीक बनाकर शेयर किया, लेकिन यह कूटनीतिक दांव उल्टा पड़ गया। क्योंकि जिस वीडियो से यह तस्वीर ली गई थी, उसमें अंतत: कनाडाई हंस ने ही पलटवार कर बाज को खदेड़ दिया था। दरअसल, व्हाइट हाउस द्वारा शेयर की गई तस्वीर का मकसद यह था कि अमेरिका एक शक्तिशाली बाज की तरह हावी है और कनाडा की बत्तख हार मान चुकी है। हालांकि, गोवा के एक प्रवासी द्वारा रिकॉर्ड किए गए मूल फुटेज ने इस कहानी का पूरा पासा ही पलट दिया। बर्फ पर करीब 20 मिनट तक चले इस हवाई संघर्ष में कनाडाई बत्तख ने ऐसा पलटवार किया कि अंतत: अमेरिकी गंजे बाज को हार मानकर वहां से उड़ना पड़ा। यह अद्भुत दृश्य 23 फरवरी 2025 को ओंटारियो के बर्लिंगटन में मर्विन सेक्वेरा ने अपने कैमरे में कैद किया था। मूल रूप से गोवा के रहने वाले मर्विन कनाडा बसने के बाद एक उत्साही वन्यजीव फोटोग्राफर बन गए हैं। घटना की जानकारी देते हुए मर्विन सेक्वेरा ने ग्लोबल न्यूज को बताया कि उन्होंने बाज को हंस पर बार-बार हमला करते देखा था।

# नेपाल की प्रलयंकारी बाढ़ में अपनों की तलाश, फोन की घंटी बजने के इंतजार में कटी परिजनों की रातें



**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल-तिब्बत सीमा पर रसुवा जिले में संदिग्ध ग्लेशियर फटने से आई प्रलयंकारी बाढ़ ने एक पवित्र यात्रा को भीषण त्रासदी में बदल दिया है। भोटे कोशी और त्रिशूली नदी प्रणालियों में मलबे व पत्थरों के तेज बहाव से मची तबाही इतनी भयंकर थी कि भूकंपीय मॉनिटरों पर भी कुछ पल के लिए हलचल दर्ज की गई। इस भीषण प्राकृतिक आपदा ने न केवल स्थानीय लोगों को, बल्कि सात समंदर पार अमेरिका में बसे भारतीय-अमेरिकी परिवारों को भी असहनीय इंतजार और गहरे संकट में धकेल दिया है।

**इस हिमालयी तबाही ने नेपाल में कितना नुकसान पहुंचाया है :** नेपाल के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) की छठी स्टेटस रिपोर्ट के अनुसार, भोटे कोशी बाढ़ के बाद अब तक 389 शव बरामद किए जा चुके हैं और 977 लोग अब भी लापता हैं। लापता लोगों में नेपाली सेना, पुलिस व आव्रजन विभाग के 105 सुरक्षाकर्मियों के साथ 517 विदेशी नागरिक और विदेशों में रहने वाले 127 नेपाली शामिल हैं। इस अचानक आई भीषण बाढ़ की आपदा में 73 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, और परिवहन से लेकर बिजली व संचार के बुनियादी ढांचे को भारी क्षति पहुंची है।

**अपनों की तलाश में भटक रहे परिवारों पर क्या गुजर रही है :** अमेरिका में रह रहे कई भारतीय-अमेरिकी परिवार इस समय गहरे मानसिक आघात और अपनों की खोज में पल-पल तड़प रहे हैं। न्यूयॉर्क के शशिधरन श्रीधरन की पत्नी रेखा और 14 वर्षीय बेटी राशि कैलाश मानसरोवर यात्रा पूरी कर बुधवार को नेपाल लौटने वाली थीं, लेकिन तभी यह आपदा आ गई। श्रीधरन ने इसे अपने जीवन के सबसे बुरे 48 घंटे बताया है। इसी तरह वर्जीनिया के ऋत्विक रंगू अपने पिता और डॉ. राधिका शर्मा अपने बुजुर्ग माता-पिता (65 वर्षीय रमेश शर्मा और 64 वर्षीय नीलम शर्मा) की सुरक्षित वापसी के लिए गुहार लगा रही हैं। न्यूयॉर्क में नेपाल के महावाणिज्य दूत दधिराम भंडारी ने बताया कि उन्होंने 25 से अधिक लापता अमेरिकी नागरिकों (जिनमें से अधिकांश भारतीय मूल के हैं) की सूची नेपाल के विदेश मंत्रालय को भेजी है। राहत और बचाव के लिए जमीनी स्तर पर क्या कदम उठाए जा रहे हैं? नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह के अनुसार स्थिति बेहद चुनौतीपूर्ण है और पूरी सरकारी मशीनरी खोज और बचाव में जुटी है। खोज अभियान में 13,295 सुरक्षाकर्मियों और 15 हेलीकॉप्टरों को लगाया गया है। इनकी मदद से अब तक 1,976 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। नेपाल सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों के राहत कार्य के लिए तत्काल 2.5 करोड़ नेपाली रुपये (एनपीआर) भेजे हैं। इसके साथ ही, नेपाल के विदेश मंत्रालय ने प्रभावित विदेशियों की मदद और समन्वय के लिए एक आपातकालीन नियंत्रण कक्ष (ईसीआर) स्थापित किया है। लापता भारतीयों की तलाश और सामाजिक संगठनों की क्या भूमिका है? भारतीय विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के अनुसार, अब तक 84 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बचाया जा चुका है। इनमें त्रिशूली-ढ्ढ परियोजना में कार्यरत 63 भारतीय कर्मचारी और कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए तमिलनाडु के 21 तीर्थयात्री शामिल हैं। इस संकट में जयपुर फुट यूएसए जैसे संगठनों के नेता प्रेम भंडारी ने एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है जो चौबीसों घंटे काम कर रहा है। वहीं, अध्यात्मिक गुरु स्वामी अवधेशानंद गिरि ने न्यूयॉर्क में राहत कार्यों की समीक्षा की और नेपाल को सहायता की पेशकश के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संवेदनशीलता की सराहना की। यह त्रासदी दिखाती है कि प्रकृति के रौद्र रूप के सामने मानवीय तंत्र कितने लाचार हो जाते हैं। फिलहाल, भारत, अमेरिका और नेपाल की सरकारें प्रभावितों तक पहुंचने की हरसंभव कोशिश कर रही हैं। मलबे के बीच अपनों को सुरक्षित ढूंढने की यह जंग जारी है, और उनके परिवार इस उम्मीद में फोन थामे बैठे हैं कि जल्द ही कोई अच्छी खबर मिलेगी।

**नेपाल की बाढ़ के बीच चीन के हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स पर उठे सवाल, वायरल वीडियो ने खोली पोल : काठमांडू, बीजिंग, एजेंसी।** नेपाल में हाल ही में आई भीषण बाढ़ के बीच चीन द्वारा बनाए जा रहे हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। बाढ़ से ठीक कुछ दिन पहले सामने आए एक ब्लॉगर के वीडियो ने इन परियोजनाओं की पोल खोलकर रख दी है। दरअसल, नेपाल में आई भयानक बाढ़ आने से कुछ दिन पहले, एक ब्लॉगर ने नेपाल की तरफ़ बन रहे चीन के बड़े हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स का वीडियो बनाया था। व्लॉगर ने नेपाल की ओर निर्माणाधीन विशाल चीनी जलविद्युत परियोजनाओं का दस्तावेजीकरण किया था।

# यूएन में भारत की दो-टूक: यूएन 80 पहल में विकास सर्वोच्च प्राथमिकता हो



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत हरिष परवथानेनी ने बुधवार को यूएनडीपी प्रशासक के साथ संवाद किया। उन्होंने यूएनडीपी/यूएनएफपीए/यूएनओपीएस कार्यकारी बोर्ड के दूसरे सत्र को संबोधित किया। परवथानेनी ने कहा कि भारत यूएन80 पहल में विकास स्तंभ को सर्वोच्च प्राथमिकता मानता है। भारत संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की संरचनाओं, कार्यबल और संचालन मॉडल को वर्तमान वास्तविकताओं के साथ संरेखित करने का समर्थन करता है। उन्होंने मौजूदा प्रणालियों में अनावश्यक बदलावों के प्रति आगाह किया। परवथानेनी ने कहा, हमें ऐसी चीज को ठीक करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए जो खराब नहीं है। भारत ने राष्ट्रीय स्वामित्व और देश-नेतृत्व वाले विकास मार्गों के महत्व पर जोर दिया। भारत का तर्क है कि समाधान बाहर से थोपे नहीं जाने चाहिए।

**राष्ट्रीय प्राथमिकताएं और बहुपक्षीय सहायता :** भारत समग्र, समावेशी और टिकाऊ आर्थिक वृद्धि मॉडल का पक्षधर है। यह राष्ट्रीय स्वामित्व और देश-नेतृत्व वाले विकास मार्गों पर केंद्रित है। भारत मानता है कि समाधान बाहर से तय नहीं होने चाहिए। इसके बजाय, उन्हें सदस्य देशों द्वारा पेश किया जाना चाहिए और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं, क्षमताओं व परिस्थितियों से प्रेरित होना चाहिए। परवथानेनी ने जोर दिया कि साझेदार देशों की विकास प्राथमिकताओं का सम्मान हो। बहुपक्षीय सहायता उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप रहनी चाहिए।

**यूएनडीपी के साथ भारत का सहयोग :** भारतीय राजदूत ने यूएनडीपी के साथ भारत के सहयोग को रेखांकित किया। भारत इंडिया-संयुक्त राष्ट्र विकास साझेदारी कोष और भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका (इब्सा) कोष के माध्यम से संगठन के साथ काम कर रहा है। इन कोषों से भारत ने डिजिटल बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य और जलवायु लचीलेपन के लिए 150 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक दिए हैं। सबसे कम विकसित देशों (एलडीसी) और छोटे द्वीप विकासशील देशों (एसआईडीएस) पर विशेष ध्यान है। ये पहल दक्षिण-दक्षिण सहयोग को दर्शाती हैं। यह विकासशील देशों को ज्ञान साझा करने, क्षमताएं जोड़ने, संसाधन जुटाने और बेहतर शर्तों पर पूंजी पाने में मदद करता है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र विकास प्रणाली के वित्तपोषण पर चिंता व्यक्त की, खासकर मुख्य वित्तपोषण में गिरावट पर। पारवथानेनी ने यूएनडीपी के लिए भारत की लगातार मुख्य योगदानकर्ता की भूमिका दोहराई।

# रूसी बमबारी से दहली यूक्रेन की अर्थव्यवस्था

**कीव, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष अब एक नए विनाशकारी आर्थिक मोर्चे पर पहुंच गया है। गुरुवार सुबह राजधानी कीव समेत नौ यूक्रेनी शहरों पर रूस ने मिसाइलों और ड्रोन की भीषण बारिश कर दी। साढ़े चार साल से जारी इस युद्ध में यह हमला न सिर्फ सैन्य ठिकानों पर, बल्कि यूक्रेन के निजी व्यवसायों और समग्र अर्थव्यवस्था को पंगु बनाने के इरादे से किया गया था। इस हमले में आम नागरिकों की जान जाने के साथ-साथ यूक्रेन की बिजली प्रणालियों, अनाज निर्यात बंदरगाहों और बड़े व्यापारिक गोदामों को भारी क्षति पहुंची है। रूस अब यूक्रेन के आर्थिक तंत्र को सीधी चोट पहुंचाने की नीति पर काम कर रहा है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने इसे तेल रिफाइनरियों, लॉजिस्टिक्स हब और बंदरगाहों जैसे सैन्य-औद्योगिक ठिकानों पर कार्रवाई बताया। लेकिन असल चोट यूक्रेन के निजी व्यापार को लगी है। रूसी ड्रोन हमलों ने तीन बड़े वितरण केंद्रों को निशाना बनाकर खिलौनों की एक स्टोर चेन और एक चॉकलेट कंपनी के विशाल गोदामों को तबाह कर दिया, जबकि एक इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर का डिपो क्षतिग्रस्त हो गया। दरअसल, यूक्रेन के हालिया लंबी दूरी के ड्रोन हमलों से रूस को वित्तीय मुश्किलें हुई थीं, जिससे नाराज होकर रूस ने यूक्रेनी निजी उद्योगों पर यह हमला किया है। यूक्रेनी सेना ने भी रूस के आर्थिक हितों पर सीधे हवाई हमले तेज कर दिए हैं। यूक्रेन लगभग हर रात रूसी सीमा के भीतर सैकड़ों लंबी दूरी के ड्रोन दाग रहा है। हाल ही में रूस की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी वाइल्डबेरीज के गोदामों को तबाह करने के बाद यूक्रेनी ड्रोनों ने रूस की दूसरी सबसे बड़ी ऑनलाइन रिटेलर कंपनी ओजोन को अपना निशाना बनाया है। ओजोन के उफा स्थित लॉजिस्टिक्स केंद्र पर सीधा हमला किया गया, जबकि ऑरेनबर्ग सुविधा को सतर्कता चेतावनी के बाद खाली कराना पड़ा। उधर, रूसी हवाई सुरक्षा प्रणालियों ने विभिन्न क्षेत्रों में यूक्रेन के 267 ड्रोनों को मार गिराने का दावा किया है। इस बमबारी ने यूक्रेन के नागरिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। ओडेसा के बंदरगाह क्षेत्र में हुए सात घंटे लंबे हमले में एक विशाल अनाज गोदाम (ग्रेन एलीवेटर) क्षतिग्रस्त हो गया, जो यूक्रेन के अनाज निर्यात के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, भीषण ठंड से पहले बिजली ग्रिड को ठप करने की नीयत से दागे गए चार ग्लाइड बमों ने खेरसॉन के एक प्रमुख संयंत्र के जनरेटरों को नष्ट कर दिया, जिससे नाफ्तोगाज को प्लांट बंद करना पड़ा।

# ट्रंप के डाक मतदान पर संकट: अमेरिकी कोर्ट ने आदेश पर फिर लगाई रोक



**वाशिंगटन, एजेंसी।** एक संघीय न्यायाधीश ने गुरुवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक कार्यकारी आदेश को लागू करने की कोशिशों पर रोक लगा दी। इस आदेश में डाक मतदाता को सीमित किया गया था। इस कदम ने उस आदेश को दूसरी बार रोक दिया। यह सब तब हुआ जब मध्यावधि चुनावों के लिए पहला डाक बैलेट भेजे जाने में बस एक हफ्ता ही बचा था। अमेरिकी जिला अदालत की न्यायाधीश इंदिरा तलवानी ने सरकार को दो हफ्ते तक इस आदेश को लागू करने से रोक दिया।

**सुप्रीम कोर्ट में क्यों अपील किया जा सकता है:** इस मामले को जल्द ही सुप्रीम कोर्ट में अपील के लिए वापस भेजा जा सकता है, क्योंकि कुछ ही दिन पहले न्यायाधीशों ने एक प्रक्रियात्मक निर्णय सुनाते हुए तलवानी के उस पूर्व के फैसले को रद्द कर दिया था जिसने ट्रंप के आदेश को प्रभावी होने से रोक दिया था।

**हाई कोर्ट ने पहले फैसला क्यों नही सुनाया :** गुरुवार को आया यह फैसला डेमोक्रेट्स और मतदान अधिकार समूहों ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करने के लिए अपने मुकदमों को फिर से दायर किया। उच्च न्यायालय के रूढ़िवादी बहुमत ने ट्रंप के कार्यकारी आदेश की वैधता पर फैसला नहीं सुनाया, बल्कि यह कहा कि इसके खिलाफ कानूनी चुनौतियां हैं। जिनके कारण तलवानी ने शुरू में इसे रोक दिया था। इसे बहुत जल्दबाजी में दायर की गई थीं। नए औपचारिक नियम में क्या है? अब प्रशासन ने एक औपचारिक नियम जारी किया है, जो यह तय करेगा कि क्या अमेरिका डाक सेवा राज्यों के मेल बैलेट पहुंचाएगी या नहीं। इससे कानूनी लड़ाई फिर से शुरू हो गई है। उतार-चढ़ाव भरी इस कानूनी लड़ाई का मध्यावधि चुनावों पर बड़ा असर पड़ेगा। लगभग एक-तिहाई अमेरिकी डाक से वोट करते हैं। वहीं, चुनाव अधिकारियों का कहना है कि डाक सेवा के नए निर्देशों के मुताबिक अपने सिस्टम में बदलाव करने के लिए उनके पास पर्याप्त समय नहीं है। डाक सेवा का कहना है कि वह डाक मतपत्रों तब तक डिलीवर नहीं करेगी, जब तक राज्य उन मतदाताओं की सूची नहीं देते, जिन्हें ये बैलेट मिलने चाहिए और लिफाफों को एक खास तरीके से तैयार नहीं करते। तलवानी ने गुरुवार को लिखा, मुकदमा करने वाले राज्यों के पास मिडटर्म चुनाव से पहले नए मेल बैलेट डिजाइन करने, नए डिजाइनों को मंजूरी दिलाने, मेल बैलेट के उत्पादन का ऑर्डर देने। अपने चुनाव प्रबंधन सिस्टम को अपडेट करने, यूएसपीएस पोर्टल का इस्तेमाल करने के लिए चुनाव अधिकारियों को ट्रेनिंग देने और पोर्टल पर नागरिकों का डेटा अपलोड करने के लिए न तो समय है और न ही फंड। इस मामले की सुनवाई 3 सितंबर को होनी है। डेमोक्रेट और मतदान अधिकार समूह का क्या कहना है? डेमोक्रेट और मतदान अधिकार समूह इस मांग को असंवैधानिक बताते हैं। उनका कहना है कि संविधान राज्यों और कुछ मामलों में कांग्रेस को चुनाव नियम बनाने का अधिकार देता है, न कि राष्ट्रपति या डाक सेवा को। इसी तर्क के आधार पर अदालतों ने ट्रंप के पहले कार्यकारी आदेश को रोक दिया था, जो पिछले साल जारी किया गया था और जिसमें चुनाव प्रक्रियाओं को बदलने की मांग की गई थी, जैसे कि पंजीकरण के लिए नागरिकता के दस्तावेजी प्रमाण की आवश्यकता। राष्ट्रपति लंबे समय से डाक मतदान को निशाना बनाते रहे हैं, जिसके लिए वे झूठा आरोप लगाते हैं कि उन्हें 2020 के चुनाव में हार का सामना करना पड़ा, ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन द्वारा 2025 में प्रकाशित एक रिपोर्ट में पाया गया कि डाक द्वारा डाले गए प्रत्येक 10 मिलियन मतपत्रों में से केवल लगभग चार मामलों में ही धोखाधड़ी हुई थी।

# भारत-कनाडा बातचीत: द्विपक्षीय निवेश संधि पर वार्ता को हरी झंडी, 2030 तक 4.65 लाख करोड़ के कारोबार का लक्ष्य



**टोरंटो, एजेंसी।** भारत और कनाडा के बीच आर्थिक संबंधों में नया अध्याय जुड़ रहा है। नई दिल्ली में मार्च 2026 में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की बैठक की प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाते हुए दोनों देशों के वित्त मंत्रियों के बीच पहली आर्थिक और वित्तीय वार्ता संपन्न हुई। बैठक के बाद भारत ने कनाडा के साथ जल्द से जल्द द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर बातचीत शुरू करने की इच्छा जताई है। यह रणनीतिक कदम निवेश संबंधों को मजबूत करेगा और वर्ष 2030 तक आपसी व्यापार को 70 अरब कनाडाई डॉलर यानी करीब 4.65 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस वार्ता का मुख्य ध्यान दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाना और निवेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाना रहा। दोनों पक्षों ने वर्ष 2030 तक आपसी व्यापार को बढ़ाकर 70 अरब कनाडाई डॉलर (करीब 4.65 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया है। यह महत्वपूर्ण कदम मार्च 2026 में नई दिल्ली में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई बैठक की प्रतिबद्धताओं पर आधारित है। दोनों पक्षों ने वर्ष 2026 के अंत तक कनाडा-भारत व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) वार्ता को पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई है। वित्त मंत्रियों-निर्मला सीतारमण और फ्रांसिस-फिलिप शैम्पेन ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य और अपनी घरेलू नीतिगत प्राथमिकताओं पर चर्चा की। वार्ता में भारतीय बाजार में कनाडाई पेंशन फंडों की बड़ी मौजूदगी को रेखांकित किया गया और वित्तीय संस्थानों के बीच साझेदारी बढ़ाने पर बात हुई। दोनों पक्षों ने निवेशकों के लिए स्थिर और निश्चित घरेलू कर कानूनों की आवश्यकता को महत्वपूर्ण माना। संवाद में भुगतान प्रणालियों के आधुनिकीकरण, वित्तीय स्थिरता, फिनटेक इनोवेशन और वित्तीय अपराधों से निपटने पर सहयोग की रूपरेखा तैयार की गई। इसमें सबसे बड़ा कदम कनाडा में भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के विस्तार का स्वागत करना है। इसके लिए स्थानीय भुगतान सेवा प्रदाताओं के साथ साझेदारी की जाएगी, जिससे सीमा पार प्रेषण (रेमिटेंस) तेज और सस्ता होगा। इसका लाभ दोनों देशों के बीच पर्यटन, शिक्षा, व्यापार और छोटे व मध्यम स्तर के उद्यमों (एमएसएमई) को मिलेगा।

# व्हाइट हाउस में निर्माण बना सुरक्षा में रोड़ा



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हेलीकॉप्टर मरीन वन और एक यात्री विमान के बीच इस महीने हुई करीबी घटना में व्हाइट हाउस में चल रहे निर्माण कार्य की भूमिका सामने आई है। संघीय जांचकर्ताओं के मुताबिक, निर्माण के कारण मरीन वन के रेडियो संचार में दिक्कत आ गई थी। इसी वजह से एयर ट्रैफिक कंट्रोलर हेलीकॉप्टर के उड़ान भरने से तीन मिनट पहले दी जाने वाली जरूरी चेतावनी नहीं सुन पाए। इसके बाद उन्होंने एक यात्री विमान को उड़ान भरने की अनुमति दे दी। यह घटना 4 अगस्त को वॉशिंगटन के रोनाल्ड रीगन वॉशिंगटन नेशनल एयरपोर्ट के पास हुई थी। उस समय ट्रंप को लेकर मरीन वन उड़ान भरने वाला था और दूसरी तरफ एनवॉय एयर का एक यात्री विमान टेकऑफ के लिए तैयार था। दोनों विमान कुछ समय के लिए काफी करीब आ गए थे। मामले में हृञ्ञस्क्रकी जांच अभी जारी है और मौजूदा रिपोर्ट को प्रारंभिक रिपोर्ट माना जा रहा है।

**पहले से सामने आ चुकी थी रेडियो की समस्या :** राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, घटना से करीब एक सप्ताह पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोलर और मरीन वन के पायलटों के बीच बैठक हुई थी। इसमें पायलटों ने बताया था कि उड़ान से पहले दी जाने वाली सामान्य तीन मिनट की चेतावनी कंट्रोल टावर तक नहीं पहुंच रही थी। दोनों पक्षों ने तय किया था कि अगर रेडियो संपर्क में दोबारा समस्या आई तो किसी दूसरे व्यक्ति या स्थान के जरिए यह संदेश कंट्रोलरों तक पहुंचाया जाएगा। लेकिन 4 अगस्त को यह वैकल्पिक व्यवस्था भी काम नहीं कर सकी। मरीन वन के पायलटों ने तीन मिनट पहले उड़ान की सूचना देने की कोशिश की थी, लेकिन रीगन एयरपोर्ट के कंट्रोलरों ने वह संदेश नहीं सुना।

**कंट्रोलर को नहीं मिली जानकारी, यात्री विमान को मिली उड़ान की अनुमति :** मरीन वन के पायलट ने रेडियो पर बताया था कि हेलीकॉप्टर तीन मिनट में उड़ान भरेगा। लेकिन एयरपोर्ट के आधिकारिक कंट्रोल रिकॉर्डिंग में यह चेतावनी दर्ज नहीं हुई। इसके चलते कंट्रोलर को यह पता नहीं था कि राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर उड़ान भरने वाला है। इसलिए उन्होंने यात्री विमान को टेकऑफ की अनुमति दे दी। कुछ ही देर बाद कंट्रोलर को पता चला कि मरीन वन भी उड़ान भर रहा है। उन्होंने हेलीकॉप्टर के पायलट को यात्री विमान के बारे में चेतावनी दी। मरीन वन के पायलटों ने भी विमान को देख लिया और सुरक्षित दूरी बनने तक कुछ समय के लिए अपनी उड़ान रोक दी। शुरुआती अनुमान के मुताबिक, दोनों विमान अपने सबसे नजदीकी बिंदु पर करीब 0.8 मील (1.3 किलोमीटर) की क्षैतिज दूरी और लगभग 700 फीट (215 मीटर) की ऊंचाई के अंतर पर थे। यात्री विमान के चालक दल को उड़ान भरने के तुरंत बाद अपने विमान के टकराव-रोधी सिस्टम से चेतावनी मिली थी। हालांकि, चालक दल ने हेलीकॉप्टर को अपनी आंखों से नहीं देखा।

# ट्रंप खुद अपने सबसे अच्छे प्रवक्ता: कैरोलिन लेविट की उत्तराधिकारी को सलाह, व्हाइट हाउस प्रवक्ता पद से विदा



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की निवर्तमान व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने अपने आखिरी दिन अपने काम की व्यस्तता का जिक्र करते हुए कहा कि टेलीविजन पर दिखाई देने वाली प्रेस ब्रीफिंग उनके काम का केवल 10 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि 90 प्रतिशत काम पत्रकारों के फोन कॉल का जवाब देने में जाता है। लेविट ने कहा, लोग यह नहीं समझते कि इस नौकरी में ब्रीफिंग और टीवी पर मैंने जो किया, वह 10 प्रतिशत है। 90 प्रतिशत काम सुबह पांच बजे और रात 11 बजे तक आपके सभी फोन कॉल लेने का है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस हिस्से की कमी महसूस नहीं होगी, लेकिन पत्रकारों के साथ रोजाना काम करने की याद आएगी।

**लेविट ने अपने उत्तराधिकारी को क्या दी सलाह :** इस दौरान कैरोलिन लेविट ने अपने उत्तराधिकारी को सलाह देते हुए कहा कि इस पद पर सबसे महत्वपूर्ण बात यह समझना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद अपने सबसे अच्छे प्रवक्ता हैं। लेविट ने आगे कहा कि व्हाइट हाउस के संचार निदेशक स्टीवन चिउंग और वह अक्सर मजाक करते थे कि ट्रंप ही व्हाइट हाउस के असल कम्युनिकेशन डायरेक्टर और प्रेस सेक्रेटरी हैं। कैरोलिन लेविट ने 27 अगस्त को व्हाइट हाउस प्रेस सचिव के रूप में अपना आखिरी दिन पूरा किया। वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन में इस पद पर रहने वाली सबसे कम उम्र की प्रेस सचिव थीं। उन्होंने परिवार और अपने छोटे बच्चों के साथ अधिक समय बिताने के लिए पद छोड़ने का फैसला किया है। हालांकि, वह ट्रंप के बाहरी सलाहकार के तौर पर काम करती रहेंगी।

**राष्ट्रपति ट्रंप ने की जमकर तारीफ :** कैरोलिन लेविट इस पद पर रहने वाली 36वीं प्रेस सचिव थीं। लेविट ने अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी अमेरिका फर्स्ट नीति का मजबूती से बचाव किया। व्हाइट हाउस ने उनके कार्यकाल के कई चर्चित पलों को याद करते हुए उनकी पत्रकारों के साथ तीखी बहस और सरकार की नीतियों के बचाव का जिक्र किया। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप ने लेविट को व्हाइट हाउस प्रेस सचिवों के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ में से एक बताया।

**पत्रकारों से तीखे सवाल-जवाब :** लेविट कई बार पत्रकारों के साथ तीखे सवाल-जवाब को लेकर चर्चा में रहीं। एक मौके पर उन्होंने एक पत्रकार से कहा, आप लेफ्ट-विंग हैक हैं। आप पत्रकार नहीं हैं। वहीं, एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, क्या बेवकूफी भरा सवाल है। उन्होंने ट्रंप प्रशासन की आव्रजन नीति का भी बचाव किया और अवैध तरीके से अमेरिकी कानून तोड़ने वाले प्रवासियों को अपराधी बताया। अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी को लेकर उन्होंने डेमोक्रेट्स और मुख्यधारा के मीडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा और अमेरिकी सैनिकों के मुद्दे पर उन्हें भाषण देने की जरूरत नहीं है।

**फ्रांस और स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी पर भी दिया था बयान :** विदेश नीति के मुद्दों पर भी लेविट के बयान चर्चा में रहे। फ्रांस के एक राजनेता की स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से जुड़ी टिप्पणी पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा था कि आज फ्रांस के लोग जर्मन भाषा नहीं बोल रहे हैं तो इसकी वजह अमेरिका है। उन्होंने डेमोक्रेट्स और मुख्यधारा के मीडिया पर ट्रंप प्रशासन के खिलाफ गलत सूचना फैलाने का आरोप भी लगाया। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा और डेमोक्रेटिक पार्टी के शासन वाले अमेरिकी शहरों में अपराध को लेकर भी उन्होंने बयान दिए। लेविट ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के स्वास्थ्य और उनकी काम करने की क्षमता को लेकर भी पूर्व प्रशासन और मीडिया पर सवाल उठाए थे। उन्होंने इसे अमेरिका के इतिहास के सबसे बड़े कवरअप और राजनीतिक घोटालों में से एक बताया था।

**ट्रंप पर हमले के बाद टाली थी मैटरनिटी लीव :** लेविट ने ट्रंप पर हुए हत्या के प्रयास के बाद अपनी मैटरनिटी लीव भी कुछ समय के लिए टाल दी थी। उन्होंने कहा था कि उन्हें लगा था कि वह आखिरी बार सवालों का जवाब दे रही हैं, लेकिन राष्ट्रपति पर हमले के बाद उन्हें लगा कि प्रेस के सवालों का जवाब देने के लिए व्हाइट हाउस में रहना जरूरी है। अपने कार्यकाल में लेविट ने नए मीडिया संस्थानों और पत्रकारों को भी व्हाइट हाउस ब्रीफिंग रूम में जगह दी। उन्होंने कहा था कि ट्रंप का संदेश हर जगह पहुंचाना उनकी टीम के लिए जरूरी है। इस बीच ट्रंप ने नए प्रेस सचिव को लेकर एक संभावित नाम की ओर इशारा किया है। हाल ही में फॉक्स न्यूज की संवाददाता एलेक्सिस मैकएडम्स ने ट्रंप से पूछा कि लेविट की जगह कौन ले सकता है। ट्रंप ने मजाकिया अंदाज में मैकएडम्स से ही पूछा, आप? इसके बाद उन्होंने कहा, आप कैसी रहेंगी? ट्रंप ने मैकएडम्स के काम की भी तारीफ की और कहा कि उन्हें वह हमेशा पसंद रही हैं।

दलीप ट्रॉफी

## दलीप ट्रॉफी में 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने मचाया गदर!

● कप्तान ईशान किशन को लेकर खोला सबसे बड़ा राज



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दलीप ट्रॉफी में ईशान किशन की कप्तानी वाली ईस्ट जोन ने नॉर्थ ईस्ट जोन को पारी और 210 रनों से हराकर सेमीफाइनल में एंट्री मार ली है. इस बड़ी जीत में टीम के उपकप्तान वैभव सूर्यवंशी का बल्ला भले ही खामोश रहा, लेकिन उन्होंने अपनी फिरकी से 2 अहम विकेट झटककर महफिल लूट ली. मैच के बाद इस युवा स्टार ने अपनी घातक गेंदबाजी के राज से पर्दा उठाया और बताया कि आखिर किस मास्टर प्लान के तहत उन्होंने विरोधी बल्लेबाजों को अपने जाल में फंसाया. वैभव सूर्यवंशी को फैन्स विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जानते हैं. ऐसे में इस युवा खिलाड़ी ने गेंद से कमाल का प्रदर्शन कर सभी को हैरान कर दिया. दरअसल, नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ खेले गए मैच में जब ईस्ट जोन के गेंदबाजों को विकेट निकालने में संघर्ष करना पड़ रहा था, तब कप्तान ईशान किशन ने वैभव को गेंद थमाई. ईशान को लग रहा था कि यह एक रिस्क है, लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर वैभव ने सिर्फ 3 ओवर में 11 रन देकर 2 अहम विकेट चटका दिए और अपने कप्तान को पूरी तरह से गलत साबित कर दिया.

● **'ईशान भैया को नहीं पता था कि मैं विकेट टेकर हूं'** – बीसीसीआई डोमेस्टिक द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में अपनी इस शानदार गेंदबाजी पर बात करते हुए वैभव ने मजेदार खुलासा किया. उन्होंने कहा कि अगर आप किसी भी बल्लेबाज से पूछें तो उसे गेंदबाजी करने में मजा आता है. विरोधी टीम के विकेट नहीं गिर रहे थे, इसलिए मुझे 2-3 ओवर फेंकने को कहा गया. ईशान भैया को लगा कि मुझे गेंद थमाना एक रिस्क है, लेकिन उन्हें यह नहीं पता था कि मैं एक विकेट टेकर गेंदबाज हूं.

● **बल्ले से फ्लॉप तो गेंद से रहे सुपरहिट** – वैभव ने आगे कहा कि मुझे पता था कि अगर मैं 5 विकेट भी ले लूं, तब भी मुझे सिर्फ 3 ओवर ही गेंदबाजी करने को मिलेगी. इसलिए मैंने बस अपनी लाइन और लेंथ पर फोकस किया. पिछले मैच में मैं बल्ले से कुछ खास नहीं कर पाया था, इसलिए टीम के लिए गेंदबाजी में योगदान देकर मुझे बहुत मजा आया.

अनाया बांगर ने तोड़ी चुप्पी

## मारिजाने कैप की आलोचना पर दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगर की बेटी अनाया बांगर ने दक्षिण अफ्रीका की ऑलराउंडर मारिजाने कैप की आलोचना पर जवाब दिया है। कैप ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा अनाया को ऑस्ट्रेलिया में महिला घरेलू क्रिकेट के रास्ते के लिए मंजूरी दिए जाने पर सवाल उठाते हुए इस फैसले को गलत बताया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अनाया को तत्काल प्रभाव से कम्युनिटी और प्रीमियर क्रिकेट खेलने के लिए पात्र माना है। हालांकि, यह मंजूरी अपने आप में किसी टीम में चयन की गारंटी नहीं है।



● **अनाया बांगर ने दिया जवाब** – कैप की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए अनाया ने कहा कि इस मुद्दे पर आपत्ति जताने वाले लोगों को पहले इसके बारे में पूरी जानकारी हासिल करनी चाहिए। उन्होंने पीटीआई से बातचीत में कहा, 'जो लोग इसके खिलाफ आवाज उठाना चाहते हैं, उन्हें वास्तव में पहले इस विषय के बारे में खुद को शिक्षित करना चाहिए।' अनाया ने आगे कहा, 'मैंने पहले ही यह जरूरी जानकारी उपलब्ध करा दी है कि मुझे कोई अनुचित फायदा नहीं है और मैं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से तय किए गए दिशानिर्देशों का पालन कर रही हूं।'

# एशियन गेम्स में नहीं दिखेगा नीरज चोपड़ा का जलवा

## 'गोल्डन बॉय' का टूटा सपना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की एशियन गेम्स 2026 की पदक उम्मीदों को बहुत बड़ा झटका लगा है. देश के स्टार जैवलिन थ्रोअर और दो बार के ओलंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा चोट के कारण इस पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं. इसका सीधा मतलब है कि वह जापान में होने वाले एशियन गेम्स 2026 में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगे. नीरज चोपड़ा ने खुद सोशल मीडिया के जरिए फैन्स को यह बुरी खबर दी है. उन्होंने बताया कि लुसाने डायमंड लीग में 88.05 मीटर का अपना सीजन बेस्ट थ्रो फेंकने के बाद वह काफी अच्छी लय में महसूस कर रहे थे और उन्हें वह मोमेंटम मिल गया था जिसकी उन्हें तलाश थी. लेकिन इसके तुरंत बाद ट्रेनिंग के दौरान उनके टखने में लिगामेंट टियर हो गया. उन्होंने कहा कि यह उनके लिए काफी निराशाजनक है, खासकर तब जब उन्हें लग रहा था कि उनकी लय पूरी तरह वापस आ गई है. हालांकि, उन्होंने मजबूती दिखाते हुए यह भी कहा कि परेशानियां और झटके इस सफर का हिस्सा हैं. फिलहाल उनका पूरा ध्यान अपनी रिकवरी पर है ताकि वह पहले से भी ज्यादा मजबूती के साथ मैदान पर वापसी कर सकें।

### चोट चलते खिताब का बचाव करने से चूक जाएंगे नीरज

नीरज के लिए यह चोट बेहद निराशाजनक समय पर आई है, क्योंकि उन्हें लगने लगा था कि उनकी पुरानी फॉर्म और लय वापस आ रही है. उन्होंने खुद माना कि ऐसे झटके खेल के सफर का हिस्सा हैं और अब उनका पूरा ध्यान सिर्फ अपनी रिकवरी पर है. इस चोट की वजह से नीरज अब 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियन गेम्स 2026 में हिस्सा नहीं ले पाएंगे और जैवलिन थ्रो में अपने खिताब का बचाव करने से चूक जाएंगे. अब नीरज की गैरमौजूदगी में एशियन गेम्स में भारत की पदक उम्मीदों का भार रोहित यादव के कंधों पर आ गया है. रोहित ने हाल ही में भुवनेश्वर में हुए वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर इवेंट में 87.68 मीटर का अपना पर्सनल बेस्ट थ्रो फेंककर जीत दर्ज की थी. नीरज के बाहर होने के बाद अब रोहित ही इस बड़े इवेंट में भारत के सबसे मजबूत पदक दावेदार बनकर उभरे हैं.

### ऐसा रहा है नीरज का प्रदर्शन

इस साल नीरज की वापसी मिली-जुली रही थी. उन्होंने ग्लासगो में हुए इवेंट में पोडियम फिनिश तो किया, लेकिन श्रीलंका के रुमेश पथिरागे ने 89.75 मीटर का शानदार थ्रो फेंककर उनसे गोल्ड मेडल छीन लिया था. इसके बाद लुसाने में नीरज अंक तालिका में सातवें नंबर पर पहुंच गए थे और क्वालिफिकेशन की रेस में थे, लेकिन अब यही टूर्नामेंट उनके 2026 सीजन का आखिरी इवेंट बनकर रह गया है.

जैस्मिन लंबोरिया

## लड़कों के साथ मुक्केबाजी के अभ्यास से शुरू किया करियर

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में जीता स्वर्ण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा था। भारतीय टीम ने रिकॉर्ड 7 स्वर्ण पदक जीते थे। इसमें पुरुष और महिला दोनों मुक्केबाजों ने स्वर्ण जीते थे। स्वर्ण पदक जीतने वाली महिला मुक्केबाजों में एक नाम जैस्मिन लंबोरिया का भी था। लंबोरिया ने 57 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। कड़ी मेहनत, दृढ़ निश्चय और प्रतिभा के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाली जैस्मिन लंबोरिया का जन्म 30 अगस्त 2001 को भिवानी, हरियाणा में हुआ था। भिवानी को 'लिटिल क्यूबा' के नाम से जाना जाता है। यह स्थान मुक्केबाजी का गढ़ है। जैस्मिन के लिए मुक्केबाजी के क्षेत्र में करियर बनाने का फैसला आसान नहीं था। लड़की होने की वजह से उन्हें परिवार और समाज की रूढ़िवादी सोच से जूझना पड़ा, लेकिन एक बार सभी का विश्वास हासिल करने के बाद फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। जैस्मिन को अपने सफर में चाचा संदीप और परविंदर का भी बाद में साथ मिला, दोनों बॉक्सिंग में राष्ट्रीय स्तर पर विजेता रहे हैं। भिवानी की लैंबोरिया बॉक्सिंग अकादमी में जब जैस्मिन ने प्रशिक्षण शुरू किया, उस समय वहां कोई महिला मुक्केबाज नहीं थी।

## 'ईमानदार आदमी हैं', इंटरव्यू में इमरान खान पर बोलते हुए रो पड़े जावेद मियांदाद



**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी जावेद मियांदाद अपने साथी क्रिकेटर और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बारे में बात करते हुए रो पड़े, जो जेल में बंद हैं। 1975 और 1996 के बीच छह वर्ल्ड कप खेलने वाले मियांदाद ने कहा कि इमरान खान भ्रष्ट नहीं हैं। उन्हें ईमानदार बताते हुए उनकी रिहाई की गुहार लगाई। 2018 और 2022 के बीच देश के प्रधानमंत्री रहे इमरान खान को भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी पाए जाने के बाद 2023 में जेल भेजा गया था। मियांदाद ने इमरान खान को लेकर नैरेटिव यूट्यूब चैनल पर कहा, 'वह एक ईमानदार आदमी है। वह कोई ऐसे इंसान नहीं हैं जो भ्रष्ट काम करता हो, वरना उन्होंने बहुत कुछ किया होता। अगर आप उन्हें बाहर निकाल देंगे तो क्या होगा? क्या वह किसी को खाएंगे या नुकसान पहुंचाएंगे? वह भी किसी के बेटे हैं। मैं हमेशा सोचता हूं कि वह क्या कर रहे होंगे।'

**इमरान खान के मेडिलक जांच के बाद मियांदाद का आया बयान** – 69 साल के जावेद मियांदाद का बयान इमरान खान के इस्लामाबाद में मेडिकल जांच के तुरंत बाद आया, जिसके बाद उन्हें रावलपिंडी की अदियाला जेल वापस भेज दिया गया।

## 'हमें कोई नहीं रोक पाएगा'

एशियन गेम्स 2026 में स्वर्ण पदक पर शूटर आशी चौकसे की नजर



**भोपाल, एजेंसी।** भारतीय राइफल शूटर आशी चौकसे ने साल 2018 में अचानक प्रतिस्पर्धी शूटिंग शुरू की थी। अब 24 वर्षीय आशी अपने दूसरे एशियन गेम्स की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने अब तक एशियन गेम्स में एक कांस्य और दो रजत पदक जीते हैं। अब उनका बड़ा लक्ष्य आइची-नागोया 2026 एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतना है। आशी ने 2022 एशियन गेम्स (जो 2023 में हुए थे) में महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में रजत, महिलाओं के 50 मीटर राइफल 3पी टीम इवेंट में रजत और महिलाओं के 50 मीटर राइफल 3पी इवेंट में कांस्य पदक जीता था। उन्हें लगता है कि यहां मुकाबला करने से जापान में होने वाले अगले इवेंट के लिए उनकी समझ और आत्मविश्वास बेहतर हुआ है। अपने पहले और दूसरे एशियन गेम्स के सफर के अंतर पर बात करते हुए आशी ने कहा, 'एशियन गेम्स ओलंपिक के बाद सबसे बड़े मल्टी-स्पोर्ट टूर्नामेंट में से एक है और मैं वहां पहले भी मुकाबला कर चुकी हूं। मैंने उस मंच पर परफॉर्म किया है, इसलिए मुझे पता है कि इसके लिए क्या चाहिए। तीन पदक जीतने के बाद, अब मुझे इस लेवल पर मुकाबला करने का अच्छा अनुभव है। इसी वजह से इस बार मैं जापान एक क्लियर सोच और लक्ष्य के साथ जा रही हूं कि मुझे इस प्रतियोगिता में क्या हासिल करना है। 'एशियन गेम्स तक के सफर में कड़ी ट्रेनिंग शामिल थी, जिसके दौरान भारतीय शूटिंग टीम ने भोपाल में इंटेंसिव कैंप में हिस्सा लिया। शुरुआती कैंप में कई मैच और फाइनल सिमुलेशन के साथ-साथ लंबे शूटिंग सेशन भी शामिल थे, जिनका मकसद एथलीटों की सहनशक्ति और निरंतरता को परखना था। आशी ने कहा, 'हम तैयारी में बहुत मेहनत और कोशिश कर रहे थे। इस कैंप की रणनीति मैच और फाइनल आयोजित करने की थी। हमने लगभग तीन-चार मैच और तीन-चार फाइनल खेले, जो 10 दिन के कैंप में बहुत अधिक हैं। मैच खेलना बहुत इंटेंस होता है, भले ही वह सिर्फ 60-शॉट का मैच हो। हमने 120-शॉट का मैच भी खेला, जो किसी प्रोग्राम में नहीं होता, लेकिन हमने इसे लंबे समय तक सहनशक्ति और स्थिरता की जांच करने के लिए किया, ' शूटिंग टीम ने स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट के साथ मिलकर काम किया है और शूटिंग के दौरान अपनी सांस लेने के तरीके और प्रतिक्रियाओं को समझने के लिए बायोफीडबैक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया है। 'जब हम शूटिंग करते हैं, तो साइकोलॉजिस्ट हमारी सांस और शरीर की दूसरी प्रक्रियाओं पर नजर रखने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हैं। हमने कई बार ऐसा किया है और यह वाकई बहुत मददगार रहा है। इससे हमें खुद को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिली है। उन्होंने सोने से पहले और जागने के बाद कुछ एक्सरसाइज करने का भी सुझाव दिया। मैं ऐसा कर रही हूं और इससे मेरी शूटिंग में भी मदद मिल रही है।' उन्होंने आगे कहा, 'छोटी-छोटी बातें बहुत मायने रखती हैं। हमें पता है कि क्या करना है, कैसे शूट करना है, लेकिन कुछ छोटी-छोटी चीजें होती हैं जिन पर ध्यान नहीं दिया जाता। अगर हम उन्हें सही तरीके से, परफेक्शन के साथ करें, तो मुझे लगता है कि हमें कोई नहीं रोक पाएगा।'

## 47 की उम्र में डेब्यू

### 51 की उम्र हिक्स ने 5 विकेट लिए, महिला क्रिकेटर ने 96 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ रचा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** जोआन हिक्स को क्रिकेट करियर शुरू करने में लगभग आधी सदी लग गई। उन्होंने 47 साल की उम्र में इंटरनेशनल डेब्यू किया। चार साल बाद 51 साल की उम्र में आइल ऑफ मैन की इस क्रिकेटर ने इतिहास रच दिया। वह 90 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ते हुए इंटरनेशनल क्रिकेट में 5 विकेट लेने वाली सबसे बुजुर्ग खिलाड़ी बन गईं। ग्रीस की महिला टीम के खिलाफ दाएं हाथ की ऑफ-स्पिनर हिक्स ने तीसरी बार टी20 इंटरनेशनल में फाइव-विकेट हॉल लिया। उन्होंने 10 रन देकर पांच विकेट लेकर करियर का बेस्ट प्रदर्शन किया। हिक्स घातक गेंदबाजी के कारण ग्रीस 15 ओवर में 52 रन सिमट गई। आइल ऑफ मैन ने पावरप्ले में नौ विकेट रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

### बर्ट आयरनमोंगर का रिकॉर्ड तोड़ा

51 साल और 173 दिन की उम्र में, हिक्स इंटरनेशनल क्रिकेट (पुरुष या महिला) में 50 साल की उम्र के बाद पांच विकेट लेने वाले पहले बॉलर बन गईं। हिक्स ने ऑस्ट्रेलिया के बर्ट आयरनमोंगर का 96 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में यह मुकाम हासिल करने वाली सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बन गईं।

**आयरनमोंगर ने दोनों पारियों में झटके थे 5 विकेट** – लेफ्ट आर्म स्पिनर आयरनमोंगर ने 1932 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 49 साल और 314 दिन की उम्र में पांच विकेट लिए थे। इत्तेफाक से, उन्होंने दोनों पारियों में पांच विकेट लिए थे। पहली पारी में 6 रन देकर पांच विकेट और दूसरी पारी में 18 रन देकर छह विकेट झटके। प्रोटियाज टीम एक पारी से हारी थी। वह ऑस्ट्रेलिया के 153 रन के जवाब में 36 और 45 रन पर आउट हो गई थी।

# टी20 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय कप्तान सूर्या ने सुनाया संघर्ष भरे दिन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूर्यकुमार यादव इस समय अपने करियर के एक अलग दौर से गुजर रहे हैं। 2026 में भारत को टी20 वर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान को अब भारतीय टी20 टीम से बाहर कर दिया गया है। हालांकि, सूर्यकुमार ने वापसी की उम्मीद नहीं छोड़ी है। इसी बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा के साथ बातचीत में उन्होंने अपनी पहली कमाई और क्रिकेट के शुरुआती दिनों के संघर्ष को याद किया। सूर्यकुमार ने बताया कि मुंबई की अंडर-15 टीम के साथ अपने पहले दौरे के दौरान उन्हें पूरे सीजन के लिए सिर्फ 15,000 रुपये मिले थे। उस समय उनके पास किसी कंपनी का बैट स्पॉन्सर भी नहीं था, इसलिए उन्होंने अपनी पूरी कमाई क्रिकेट का सामान खरीदने में लगा दी थी।

**खराब फॉर्म बनी बड़ी वजह** – सूर्यकुमार की बल्लेबाजी में लगातार निरंतरता की कमी भी चयनकर्ताओं के फैसले की एक वजह मानी गई। 2026 के आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। इसके बावजूद सूर्यकुमार का कहना है कि वह भारतीय टीम में वापसी के लिए अपनी तरफ से पूरी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने वापसी के सवाल पर कहा, 'देखिए, मैं पूरी मेहनत कर रहा हूं और वह सब कुछ कर रहा हूं जो मैं कर सकता हूं। अगर चीजें अच्छी होती हैं, तो सब कुछ अपने आप सही जगह पर आ जाएगा।'

### वर्ल्ड कप जिताने के कुछ महीने बाद टीम से बाहर

सूर्यकुमार ने 2026 में भारत की कप्तानी करते हुए टीम को टी20 वर्ल्ड कप का खिताब दिलाया था। यह भारत का तीसरा टी20 वर्ल्ड कप खिताब था और लगातार दूसरा खिताब भी था। इससे पहले भारत ने 2007 में एमएस धोनी और 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में यह ट्रॉफी जीती थी। हालांकि, वर्ल्ड कप जीतने के कुछ ही महीनों बाद सूर्यकुमार को भारतीय टी20 टीम से बाहर कर दिया गया। चयनकर्ताओं ने अगले दो साल के चक्र को ध्यान में रखते हुए टीम में बदलाव का फैसला किया और श्रेयस अय्यर को कप्तानी की जिम्मेदारी दी।



### '15 हजार रुपये मिले थे, मैंने पूरी रकम खर्च कर दी'

सूर्यकुमार यादव ने अपनी पहली कमाई को याद करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि जब मैंने पहली बार मुंबई के लिए अंडर-15 क्रिकेट खेला था, तब मुझे 15,000 रुपये मिले थे। यह पूरे दौरे के लिए थे। मैंने शायद पूरी रकम खर्च कर दी थी। उस समय मेरे पास बैट का कोई स्पॉन्सर नहीं था, इसलिए मैं अपनी पूरी कमाई क्रिकेट का सामान खरीदने में खर्च करता था।' उनका यह बयान बताता है कि भारतीय क्रिकेट के मौजूदा स्टार ने अपने शुरुआती दिनों में किस तरह सीमित संसाधनों के बीच क्रिकेट का सफर तय किया।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com